छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृह पत्रिका

# संकल्प

सितंबर-दिसंबर 2023 | वर्ष-20 | अंक - 05-06



# सुशासन का सूर्योदय

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृह पत्रिका

# संकल्प

सितंबर-दिसंबर 2023 | वर्ष-20 | अंक - 05-06

## संरक्षक



**श्री पी. दयानंद (IAS)**
अध्यक्ष



**श्री मनोज खरे**
प्रबंध निदेशक
(डिस्ट्रीब्यूशन एवं ट्रांसमिशन)



**श्री एस. के. कटियार**
प्रबंध निदेशक
(जनरेशन)

**संपादक**

**गोविंद पटेल**
प्रबंधक (जनसंपर्क)

सह संपादक : अनामिका मण्डावी

छाया : संजय टेम्बे, सहयोग : प्रसन्न कुमार दुबे

▪ फोन: 0771-2574702 ▪ E-mail: procsphcl@gmail.com



# छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी

## विद्युत प्रगति पटल

| | नवम्बर 2000 | दिसंबर 2023 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 2840 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.7 मेगावॉट |
| कुल ताप , जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 2978.70 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | ....... | 1618.70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब उपकेन्द्रों की संख्या | 27 नग | 132 नग |
| अति उच्चदाब लाइन की लंबाई | 5205 सर्किट किमी | 13,923 सर्किट किमी |
| 33/11 केव्ही उपकेन्द्रों की संख्या | 248 नग | 1374 नग |
| 33 केव्ही लाइनों की लंबाई | 6,988 सर्किट किमी | 24,703 सर्किट किमी |
| 11/04 केव्ही उपकेन्द्र की संख्या | 29,692 नग | 2,23,131 नग |
| 11 केव्ही लाईनों की लम्बाई | 40,556 किमी | 1,31,042 किमी |
| निम्नदाब लाइनों की लम्बाई | 51,314 किमी | 2,26,023 किमी |
| निम्नदाब उपभोक्ताओं की संख्या | 18,90,998 | 62,37,336 |
| उच्चदाब उपभोक्ताओं की संख्या | 530 | 3,719 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या (स्थायी) | 73,369 | 5,35,206 |



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के डोमा स्थित 132 केवी उपकेंद्र

# राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश को ऊर्जा के मामले में बनाएंगे अग्रणी



आईएएस श्री पी. दयानंद ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के 12वें अध्यक्ष के रूप में 5 जनवरी 2024 को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य शासन के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ को संवारने और राज्य शासन के रीति-नीति के अनुरूप विद्युत विकास के मामले में राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनाये रखना उनकी प्राथमिकता होगी। वर्तमान में वे मुख्यमंत्री के सचिव के साथ ऊर्जा, खनिज साधन, जनसंपर्क, विमानन विभाग तथा वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव का दायित्व भी संभाल रहे हैं। विदित हो कि आईएएस पी. दयानंद बिहार राज्य के सासाराम के रहने वाले है। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि हासिल की। 2006 बैच के आईएएस श्री दयानंद सुकमा, दंतेवाड़ा, अंबिकापुर, कवर्धा, कोरबा व बिलासपुर में कलेक्टर के पद पर अपनी सफलतम् सेवायें दे चुके हैं। इस दौरान आपने आदिवासियों के आवास एवं शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण काम करवाए। कलेक्टर बिलासपुर के बाद प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा के तौर पर तथा आयुष विभाग में लंबे समय तक डायरेक्टर भी रहे। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में अब तक सर्वश्री एस.के.मिश्रा, गोपाल तिवारी, बी.एस. बनाफर, अजय सिंह, राजीब रंजन, पी.जॉय ओम्मेन, शिवराज सिंह, शैलेन्द्र शुक्ला, सुब्रत साहू एवं अंकित आनंद चेयरमेन के पद पर कार्य कर चुके हैं।

# नए चेयरमेन ने कार्यभार संभालते ही ली मैराथन बैठक







**रायपुर**। श्री पी. दयानंद ने चेयरमेन का पदभार ग्रहण करने के उपरांत पॉवर कंपनी के उच्च अधिकारियों की मैराथन बैठक ली। उन्होंने प्रदेश में विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने प्रदेश में विद्युत की भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सौर ऊर्जा और जल से विद्युत उत्पादन संबंधित प्रस्ताव तैयार करने कहा।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के मुख्यालय स्थित सेवा भवन में आयोजित बैठक में ऊर्जा विभाग के विशेष सचिव श्री सुनील कुमार जैन सहित जनरेशन, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे। लगभग तीन घंटे तक चली बैठक में सभी कंपनियों के प्रबंध निदेशकों ने कंपनी की उपलब्धियों और संरचना के बारे में जानकारी दी। डिस्ट्रीब्यूशन एवं ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मनोज खरे ने बैठक में बताया कि प्रदेश में 62 लाख उपभोक्ताओं को 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश में अधिकतम डिमांड 6157 मेगावॉट तक पहुंच चुकी है, जिसकी आपूर्ति बिना किसी व्यवधान के पूरी की गई। वितरण कंपनी की वित्तीय स्थिति पहले से बेहतर हुई है। जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार ने जानकारी दी कि प्रदेश में जनरेशन कंपनी की कुल क्षमता 2978.7 मेगावॉट है। जनरेशन कंपनी के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विद्युत संयंत्र और अटल बिहारी वाजपेयी विद्युत संयंत्र मड़वा पूरी क्षमता के साथ बेहतर विद्युत उत्पादन कर रहे हैं। हमारे संयंत्रों में बिजली की उत्पादन लागत में कमी आई है। अध्यक्ष श्री दयानंद ने पॉवर कंपनी में नई भर्तियों और रिक्त पदों की भी जानकारी मांगी। उन्होंने कहा कि विद्युत के क्षेत्र में और भी बेहतर कार्ययोजना बनाकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने पॉवर प्लांट से निकलने वाले राखड़ के 87 प्रतिशत से अधिक निष्पादन पर संतोष जताया और इसे और बेहतर करने की बात कही। इस अवसर पर तीनों कंपनियों के कार्यपालक निदेशक, मुख्य अभियंतागण उपस्थित थे। इसके पश्चात् नवनियुक्त अध्यक्ष श्री दयानंद को पॉवर कंपनीज अधिकारी कर्मचारी तथा विभिन्न श्रमिक संघ-संगठनों के प्रतिनिधियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# नई ऊर्जा के साथ छत्तीसगढ़ को संवारने का काम करेगी मंत्रालय में सचिवों की टीम



**मुख्यमंत्री श्री साय ने सचिवों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी और कहा कि साल भर की प्लानिंग कर कार्य करें। मोदी जी की गारंटी पूरा करना सबसे अहम है। न्यूनतम समय में पूरी गुणवत्ता के साथ क्रियान्वयन के लिए काम करें।**

**रायपुर**। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय नये साल के दिन जब मंत्रालय महानदी भवन में विभागीय काम-काज निपटाने पहुंचे, तो इस मौके पर विभिन्न विभागों के सचिवों ने मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आज साल का पहला दिन है। आज हम समीक्षा करें कि किस तरह अगले एक साल में अपने विभागीय लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में बेहतर रणनीति और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर सकते हैं। नई सरकार से लोगों में बहुत सी उम्मीदें हैं। इन सबको पूरा करने के लिए हम सबको कड़ी मेहनत करनी है। मंत्रालय में सचिव स्तर के अधिकारी लोक कल्याण के लिए बनाई गई योजनाओं पर जितनी बेहतरी से कार्य करेंगे, जमीनी स्तर पर इनके क्रियान्वयन में स्थानीय अधिकारियों को उतनी ही मदद मिलेगी। सचिवों से भेंट के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ की जनता को दी गई गारंटी के संबंध में विशेष रूप से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी की सभी गारंटी को पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। पिछले पांच वर्षों में केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में जो प्रगति अपेक्षित रही हैं, उनका लाभ लोगों तक पहुंचाना है।

प्रधानमंत्री आवास योजना से लेकर लोगों के लिए शुद्ध पेयजल तक मोदी जी की गारंटी आम जनता की दैनिक जरूरतों से जुड़ी हुई हैं। इन्हें पूरा करने के लिए मिशन मोड में काम करना होगा। मुख्यमंत्री ने चर्चा में कहा कि मंत्रियों को विभाग आबंटित कर दिये गये हैं। शासन की मंशा के मुताबिक लोक कल्याणकारी योजनाओं में तेजी से प्रगति लानी है। हमने सुशासन दिवस पर अटल मानिटरिंग ऐप भी लांच किया है। इसके माध्यम से हमें योजनाओं की प्रगति की अद्यतन जानकारी मिलती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की स्थिति पर नजर रखें।

जहां किसी तरह की दिक्कत आ रही हैं, उन्हें समय-समय पर अवगत कराते रहें ताकि तत्काल ही सुधारात्मक उपाय किये जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता ने हम पर भरोसा जताया है और हम सुशासन के लिए प्रतिबद्ध हैं। नये साल का मौका हमको नये उत्साह से भरता है, उम्मीद है कि इस दिशा में सभी बेहतर काम करेंगे। बैठक के पश्चात् मुख्यमंत्री को पॉवर कंपनी के तत्कालीन अध्यक्ष श्री अंकित आनंद के साथ प्रबंध निदेशकगण श्री मनोज खरे एवं श्री एसके कटियार ने नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।





# मड़वा संयंत्र 90 प्रतिशत पीएलएफ के साथ विद्युत उत्पादन का बनाया नया कीर्तिमान

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी की अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा निरंतर बेहतर विद्युत उत्पादन कर नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। मड़वा के दोनों विद्युत इकाईयों ने 2023 में बीते अक्टूबर माह तक 84.53 प्रतिशत पीएलएफ (प्लांट लोड फैक्टर) हासिल किया है। इसके साथ विद्युत उत्पादन 4341.548 मिलियन यूनिट के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया। इन दोनों इकाईयों से अक्टूबर 2023 तक 4211.52 मिलियन यूनिट उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

मड़वा की दोनों इकाईयों ने अक्टूबर में अपनी विद्युत उत्पादन क्षमता को बढ़ाते हुए 90.62 प्रतिशत पीएलएफ हासिल किया और 674.17 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया। गौरतलब है कि दोनों विद्युत इकाईयों ने बीते जुलाई महीने में सर्वाधिक 89.13 प्रतिशत पीएलएफ के उच्च स्तर को प्राप्त किया था और एक महीने में अधिकतम 663.09 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया था।

अक्टूबर में दोनों इकाईयों ने इसे पार करते हुए नया रिकार्ड कायम कर लिया है। इस सफलता पर पॉवर कंपनी के अध्यक्ष श्री अंकित आनंद एवं प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार ने मड़वा विद्युत संयंत्र की टीम को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। श्री कटियार ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में 500-500 मेगावॉट की आधुनिक दो विद्युत इकाईयां संचालित हैं। विद्युत संयंत्र ने पिछले रिकार्ड को ध्वस्त करते हुए पूरे एक माह में सर्वाधिक विद्युत उत्पादन का नया कीर्तिमान बनाया है।

मड़वा विद्युत संयंत्र ने नए वित्तीय वर्ष 2023-24 के इन सात माह में विद्युत उत्पादन के साथ विभिन्न क्षेत्रों में भी कीर्तिमान बनाया है। चालू वित्तीय वर्ष में तेल खपत में 0.39 मिलीलीटर प्रति किलोवॉट घंटे की कमी आई है। अक्टूबर माह तक 0.112 मिलीलीटर प्रति किलोवॉट घंटे दर्ज की गई है, जबकि लक्ष्य 0.50 मिलीलीटर प्रति किलोवॉट घंटे का तय किया गया था। बीते सितंबर-अक्टूबर 2023 में तेल खपत शून्य प्रतिशत रही। साथ ही यह भी उल्लेखनीय है कि मड़वा विद्युत संयंत्र में किसी भी तकनीकी वजह से कोई भी इकाई उत्पादन से बाहर नहीं थी। विद्युत संयंत्र का पीएएफ 86.19 प्रतिशत रहा। इकाई क्रमांक 01 ने विद्युत उत्पादन में निर्बाधगति से 152 दिन पूर्ण कर लिया है, जिसके और दिनों तक निरंतर जारी रहने की उम्मीद है। मड़वा में यह अभी तक का सर्वाधिक दिनों तक लगातार विद्युत उत्पादन का रिकार्ड है। ऑक्जलरी पॉवर कंज्पशन घटकर 5.09 प्रतिशत पर आ गई है। जबकि लक्ष्य 5.25 प्रतिशत का था।

### संयंत्र ने की 23.68 करोड़ रूपए की बचत

मड़वा विद्युत संयंत्र ने चालू वित्तीय वर्ष के सितंबर माह तक डेविएशन सेटलमेंट मेकेनिजम (डीएसएम) से 23.68 करोड़ रूपए की बचत कर विद्युत कंपनी को लाभ पहुंचाया है। यह पिछले वर्ष के मुकाबले 5.45 करोड़ रूपए ज्यादा है। बीते वित्तीय वर्ष में सितंबर तक डीएसएम से 18.23 करोड़ रूपए की बचत हुई थी।



# देश के 12 बड़े अस्पतालों में इलाज पर मिलेगी 100 % प्रतिपूर्ति

## चिकित्सा नियमों में व्यापक बदलाव का दिखने लगा असर, बेहतर हुईं कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाएं

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के मानव संसाधन विभाग ने स्वास्थ्य सुविधाओं के सरलीकरण हेतु चिकित्सा नियमों में व्यापक बदलाव किये हैं, उनका असर अब कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं में नजर आने लगा है। स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए केंद्रीय चिकित्सा विशेषज्ञ समिति की अनुशंसा पर पॉवर कंपनी प्रबंधन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं।

### बड़े अस्पतालों में शत-प्रतिशत भुगतान से मिलेगी बड़ी राहत

पॉवर कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रदेश से बाहर के अस्पतालों में इलाज कराने में समस्या आ रही थी, उन्हें अस्पतालों के तय दरों में भुगतान करना पड़ रहा था, परन्तु वह राशि सीजीएचएस रेट से अधिक होती थी। जब कर्मी रिएंबर्स के लिए बिल जमा करते थे, तो उन्हें किये गए भुगतान की पूरी राशि प्राप्त नहीं हो पाती थी। इसके लिए केन्द्रीय चिकित्सा विशेषज्ञ समिति (सीएमईसी) की अनुशंसा पर नए प्रावधान लागू कर दिये गए हैं।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनियों में कार्यरत कर्मियों के अलावा पॉवर कंपनी के पेंशनर्स देश के विभिन्न राज्यों में फैले हुए हैं, ऐसी स्थिति में देश के विभिन्न राज्यों में स्थित अस्पतालों को सूचीबद्ध करने की आवश्यकता महसूस हुई।

अतः 31 मई 2021 के नए आदेश के द्वारा सरकारी / पब्लिक सेक्टर यूनिट अस्पतालों और चेरेटिबल अस्पतालों को मानद (आनरेरी) आधार पर सूचीबद्ध किया गया था, जिसकी सूचीबद्धता को (01 जून 2023 से) निरंतर रखते हुए, उनके बिलों की प्रतिपूर्ति/भुगतान उनके दरों (हास्पिटल रेट) के आधार पर 01 अक्टूबर 2023 से किये जाने का निर्णय लिया गया है।

### इन 12 अस्पतालों में मिलेगी पूर्ण भुगतान की सुविधा

| क्र | अस्पताल का नाम | स्थान | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1. | ऑल सेंट्रल गवर्नमेंट/ स्टेट गवर्नमेंट/ अंडरटेकिंग हॉस्पिटल/पीएचसी | --- | ---- |
| 2. | बीएसपी सेक्टर-9 हॉस्पिटल | भिलाई | सेंट्रल गवर्नमेंट पीएसयू रन |
| 3. | एनटीपीसी हॉस्पिटल | कोरबा | सेंट्रल गवर्नमेंट पीएसयू रन |
| 4. | एनएमडीसी अपोलो हॉस्पिटल | बचेली | सेंट्रल गवर्नमेंट पीएसयू रन |
| 5. | श्री चित्रातिरूनल मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट | त्रिवेंद्रम | गवर्नमेंट हॉस्पिटल |
| 6. | सीएमसी हॉस्पिटल | | वेल्लोर चेरिटेबल |
| 7. | शंकर नेत्रालय | | चेन्नई चेरिटेबल |
| 8. | केईएम हॉस्पिटल | | मुम्बई गवर्नमेंट हॉस्पिटल |
| 9. | टाटा मेमोरियल कैंसर हॉस्पिटल | मुम्बई | चेरिटेबल |
| 10. | जी बी पंत हॉस्पिटल | नई दिल्ली | गवर्नमेंट हॉस्पिटल |
| 11. | एस जी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट (पीजीआई) | लखनऊ | गवर्नमेंट हॉस्पिटल |
| 12. | पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट (पीजीआई) | चंडीगढ़ | गवर्नमेंट हॉस्पिटल |



### कैशलेस योजना में मोतियाबिंद के लिए नया पैकेज लागू-

कैशलेस स्वास्थ्य योजना में प्रत्येक नेत्र के मोतियाबिंद सर्जरी के लिये पैकेज की अधिकतम सीमा रुपए 35,000/- है, जिसमें मोतियाबिंद की सर्जरी एवं आंख में लगने वाले लेंस की कीमत अलग- अलग निर्धारित नहीं होने के कारण अस्पतालों द्वारा इस प्रावधान के दुरूपयोग किए जाने के कुछ प्रकरण ध्यान में आये हैं।

अतः मेसर्स विडाल हेल्थ एवं निजी अस्पतालों के चिकित्सकों से चर्चा कर मोतियाबिंद की सर्जरी एवं लेंस की दरों की अलग-अलग सीमा निम्नानुसार निर्धारित की गई है ताकि हितग्राहियों को योजना में दी गयी छूट का लाभ मिल सके-

**(अ) फेको सर्जरी हेतु-**
विभिन्न परीक्षणों एवं अन्य सभी शुल्कों सहित प्रत्येक नेत्र के फेको सर्जरी हेतु गैर एनएबीएच अस्पताल के लिये रू. 10,000/- और एनएबीएच अस्पताल के लिये रू. 11,500/- अथवा अस्पताल द्वारा इस मद में क्लेम की गई कुल राशि, जो कम हो।

**(ब) मोनो फोकल लेंस हेतु सीमा-**
अस्पताल द्वारा दी गई जानकारी/बिल के अनुसार मोनोफोकल/बाई-फोकल लेंस के विक्रय मूल्य (एमआरपी) का अधिकतम 80% अथवा रू. 15,000/- जो कम हो अर्थात् हितग्राही को रू. 18,750/- (एमआरपी) तक की कीमत का अच्छी क्वालिटी का मोनोफोकल/बाई-फोकल लेंस लगवाने की अनुमति कैशलेस योजना के तहत है।

**(स) मल्टीफोकल लेंस हेतु सीमा-**
अस्पताल द्वारा दी गई जानकारी/बिल के अनुसार मल्टीफोकल लेंस के विक्रय मूल्य (एमआरपी) का अधिकतम 80%अथवा रू. 23,500/-, जो कम हो अर्थात हितग्राही को रू. 29,375/- (एमआरपी) तक की कीमत का मल्टीफोकल लेंस लगवाने की अनुमति कैशलेस योजना के तहत है।

### औषधालयों के लिए जरूरी दवा खरीदी के नियम शिथिल -

वर्तमान में दवा खरीदी के कुल बजट का 80 प्रतिशत केंद्रीय स्तर पर खरीदी जाने वाली दवाईयों के लिए एवं 20 प्रतिशत औषधालयों द्वारा स्थानीय स्तर पर खरीदी जाने वाली दवाईयों के लिए निर्धारित थी, जिसे अब शिथिल कर दिया गया है। अब औषधालय अपनी जरूरत के अनुसार ब्रांडेड दवाइयों की खरीदी वित्त विभाग से अनुमति लेकर कर सकेंगे।

कई दवाएं केंद्रीय स्तर की दवाई खरीदी की निविदा सूची में शामिल नहीं होती हैं, परन्तु विद्युत कर्मियों को डॉक्टरों से प्रिस्क्रिप्शन के अनुसार दवाईयां प्रदान करना होता है। इसलिए अब स्थानीय स्तर पर खरीदी के लिए बजट की मौद्रिक सीमा की बाध्यता को शिथिल कर दिया गया है।

अतिरिक्त दवाईयों की आवश्यकता होने पर संबंधित औषधालय के चिकित्सा अधिकारी वित्त विभाग से अतिरिक्त बजट मांग सकेंगें।

# दूसरे अस्पतालों में इलाज के लिए अब ओपीडी, जांच और भर्ती होने के लिए नहीं बनवानी होगी अलग-अलग रेफरल पर्ची


पॉवर कंपनी के सभी औषधालयों में अब अधिकारी-कर्मचारियों को इलाज के लिए अलग-अलग रिफरल बनवाने की आवश्यकता नहीं होगी। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के मानव संसाधन विभाग व्दारा 3 अगस्त 2023 को जारी नए आदेश के अनुसार पॉवर कंपनी के डॉक्टर इलाज/जांच/रेफरल में किसी विशेष अस्पताल /जांच केंद्र (डायग्नोस्टिक सेंटर) के नाम का उल्लेख नहीं करेंगे।

### डॉक्टर लिखेंगे एक ही पर्ची

पॉवर कंपनी के औषधालयों में डॉक्टर अब ओपीडी हेतु या अस्पताल में भर्ती या जांच के लिए एक ही पर्ची लिखकर देंगे। ओपीडी (बाह्य रोग)/इन्डोर (अंतः रोग) के रूप में इलाज/जांच हेतु अनुमति के लिए परिशिष्ट-1 ए (Annexure-1A) में दर्शित प्रपत्र भरना होगा। यह अनुमति पर्ची जारी करने की तिथि से 21 दिनों तथा अधिकतम तीन बार परामर्श के लिए वैध रहेगी। पहले ओपीडी, भर्ती होने व जांच के लिए अलग-अलग पर्ची बनाई जाती थी। इसके स्थान पर एक कॉमन पर्ची तैयार कर ली गई है, जिसमें बीमारी के नाम का उल्लेख संबंधित डॉक्टर करेंगे।

इसके साथ ही पॉवर कंपनी नियमित एवं सेवानिवृत्त कर्मियों को चिकित्सा पुस्तिका या परिचय पत्र के आधार निजी अधिसूचित अस्पताल/डायग्नोस्टिक सेंटर/फिजियोथैरेपी सेंटर से बिना किसी रेफरल/अनुमति पत्र के सीजीएचएस की दर पर इलाज/जांच की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे।

### कैशलेस स्वास्थ्य योजना में भी होगी चिकित्सा प्रतिपूर्ति


Annexure-2
D-3(Revised)

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन/ट्रांसमिशन/डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम)

ओपीडी/इन्डोर (अंतः रोग) के उपचार /जाँच उपरांत चिकित्सा खर्चों की प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन
(ध्यान दीजिये–प्रत्येक रोगी के लिए अलग प्रपत्र भरा जाना चाहिये)

1. विद्युत कर्मी का नाम व पद (साफ अक्षरों में) ..........
2. कार्यालय जहां पदस्थ है ..........
3. रोगी का नाम .......... उम्र.......... लिंग ..........
4. विद्युत कर्मी से उसका संबंध ..........
5. रोगी किस स्थान पर बीमार पड़ा ..........
6. बीमारी का नाम एवं उसकी अवधि ..........
7. दावे की रकम का ब्यौरा ..........
8. क्या ईलाज/जाँच के लिये अनुमति ली गई? हाँ/नहीं ..........
   यदि हां तो –
   उस चिकित्साधिकारी का नाम, पद व चिकित्सालय/ औषधालय का नाम जहां से अनुमति ली गई ..........
9. हॉस्पिटल/जाँच सेन्टर का नाम (जहां ईलाज/जांच की गई) ..........
   (क) उस चिकित्साधिकारी का नाम व पद जिससे परामर्श लिया गया ..........
   (ख) कितनी बार और किस–किस तारीख को परामर्श लिया गया ..........
10. सहपत्रों की सूची–(अ) अनुमति पत्र का मूलप्रति ☐ (ब) चिकित्सा बिल की मूलप्रति ☐
   (स) प्रिस्क्रीप्शन की प्रति यदि कोई हो तो ☐ (द) डिस्चार्ज समरी मूलप्रति ☐
   (इ) प्रशासकीय स्वीकृति यदि कोई जारी हो तो उसकी प्रति ☐

सत्यापन

☐ मैं घोषित करता/करती हूँ कि, इस आवेदन पत्र में दिया गया विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और जिस व्यक्ति पर चिकित्सा व्यय किये गये हैं वह पूर्णतः मेरे ऊपर आश्रित है।

☐ मुझे यह भी ज्ञात है कि पावर कंपनी के चिकित्सा नियमों के प्रावधानों का दुरूपयोग किये जाते है, तो इसे गंभीर प्रकृति का कदाचरण मानते हुए मेरे विरूद्ध कड़ी से कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही जैसे–बिना सेवानिवृति लाभों के सेवा से बर्खास्तगी की कार्यवाही सिविल सेवा आचरण नियम के तहत की जा सकती है।

दिनाँकः
स्थानः

विद्युत कर्मी का हस्ताक्षर ..........
विद्युत कर्मी का नाम ..........
कार्यालय ..........
मोबाईल नं. ..........

पॉवर कंपनी ने अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना के कुछ विशेष चिकित्सा खर्चों की प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन प्रपत्र परिशिष्ट-1 बी (Annexure-1b) निर्धारित किया है। इसे इन्डोर (अंतःरोग) के उपचार/जांच उपरांत चिकित्सा खर्चों की प्रतिपूर्ति हेतु तैयार किया गया है, जिसमें विद्युत कर्मी/पेंशनर्स को अपना नाम, पद कर्मचारी क्रमांक, विडाल आई.डी. क्रमांक एवं अन्य विवरणों को भरना होगा। सहपत्रों की सूची संलग्न कर एवं सत्यापन कर इसे हेल्प डेस्क, कैशलेस स्वास्थ्य योजना, मेनगेट के बाजू, एटीपी मशीन के पीछे, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मुख्यालय परिसर डंगनिया रायपुर पिन-492013 (मो.93990-74531) के पते पर भेजना होगा।

### अब से चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लिए भरना होगा केवल एक पेज का प्रपत्र

विद्युत कर्मियों को पहले चार पेज का चिकित्सा प्रतिपूर्ति पत्रक डी-3 भरना होता था, इसे बदलकर अब एक पेज का परिशिष्ट-2 (Annexure-2) (D-3 Revised) बना दिया गया है। इसमें ओपीडी/इंडोर (अंतःरोग) के उपचार/जांच उपरांत चिकित्सा खर्चो की प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन किया जा सकेगा। इस प्रपत्र में चिकित्सा देयकों के साथ प्रिस्क्रिप्शन संलग्न करना होगा, जिसके बाद चिकित्सा प्रतिपूर्ति की राशि कर्मचारी के खाते में अंतरित की जा सकेगी। इससे कर्मचारियों को लंबा-चौड़ा फार्म भरने की समस्या से निजात मिलेगी। वे सरल और सहज तरीके से एक पेज का फार्म कर चिकित्सा प्रतिपूर्ति ले सकेंगे।

### स्वास्थ्य योजना में शामिल होने फिर मिला अवसर

पॉवर कंपनी कैशलेस हेल्थ योजना में शामिल होने के लिये एक और अवसर प्रदान करते हुए "मोर बिजली कंपनी" मोबाईल ऐप को एक सप्ताह के लिये खोला गया, जिसका बहुत अच्छा प्रतिसाद प्राप्त हुआ। कर्मियों ने मोर बिजली कम्पनी ऐप के अलावा संबंधित कार्यालय में तथा नोडल ऑफिसर के पास इस योजना में शामिल होने आवेदन दिया।

# कैशलेस स्वास्थ्य योजना का मिल रहा त्वरित लाभ

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में कैशलेस स्वास्थ्य योजना का कर्मचारियों को बेहतर लाभ मिल रहा है। कर्मचारियों के साथ ही पेंशनर्स भी इस योजना से त्वरित और कैशलेस इलाज की सुविधा प्राप्त कर रहे हैं। पहले 100 दिनों में ही रोजाना औसतन 11 कर्मचारी व पेंशनर्स इस योजना का लाभ मिला। इस योजना में शामिल हितग्राहियों से इलाज के लिए अस्पताल जाने पर न तो भर्ती होने के समय राशि देनी होती है और ना ही डिस्चार्ज होने के समय। इसमें दवाइयों से लेकर समस्त जांच, इलाज व बेड की सुविधा पूर्णतः कैशलेस है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज ने ट्रांसमिशन कंपनी, डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी और जनरेशन कंपनी के कर्मियों के लिए 1 अक्टूबर से कैशलेश स्वास्थ्य योजना लागू की है। इसके लिए विडॉल हेल्थ केयर प्रा.लि. को काम सौंपा गया है। कंपनी ने डगनिया मुख्यालय में अपना हेल्प सेंटर भी प्रारंभ किया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि यह योजना नियमित और पेंशनर कर्मचारियों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए प्रारंभ की गई है, पहले तीन महीने में ही 106 अस्पतालों में 1035 हितग्राहियों को कैशलेस सुविधा प्राप्त हुई। इसमें नियमित कर्मचारी 601 एवं पेंशनर्स की संख्या 434 है। हितग्राहियों ने रायपुर ,बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, कोरबा, दुर्ग – भिलाई, रायगढ़, राजनांदगांव व अंबिकापुर तथा बालोद, धमतरी व जगदलपुर, बसना में इस योजना का लाभ मिला। साथ ही छत्तीसगढ़ से बाहर भी कर्मचारियों व पेंशनर्स को कैशलेस इलाज की सुविधा मिल रही है। कर्मियों ने नागपुर, बैंगलोर, वेल्लोर, इंदौर व हैदराबाद के अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लिया। इस योजना में सभी कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को हेल्थ कार्ड वितरित कर दिये गए हैं। इस योजना में 23 हजार 430 कर्मियों ने अपनी सहमति प्रदान की है। जो कुल कर्मियों में से 91.20 प्रतिशत है। जिसमें से 15081 ने विकल्प-01 (10 लाख रूपए तक कैशलेस इलाज) तथा 6316 कर्मियों ने विकल्प-02 ( 5 लाख रूपए तक कैशलेस इलाज) पर सहमति दी है। इसके लिए मोबाइल एप भी बनाया गया है, जिसमें कर्मियों को ई-हेल्थ कार्ड, नेटवर्क अस्पताल, भर्ती की सूचना तथा इलेक्ट्रानिक माध्यम से क्लेम जमा करने तथा क्लेम की अद्यतन स्थिति जानने की सुविधा दी जा रही है।

# प्रबंध निदेशक श्री कटियार ने मड़वा विद्युत संयंत्र में ली बैठक





**मड़वा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार 17 सितंबर को अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र मड़वा के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में प्रबंध निदेशक ने विद्युत संयंत्रों के बेहतर प्रदर्शन के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। मड़वा विद्युत संयंत्र ने अगस्त तक 84.23 प्रतिशत पीएलएफ के साथ 3092.97 मिलियन यूनिट का विद्युत उत्पादन किया। इसी अवधि में यह पिछले साल के मुकाबले 1056.61 मिलियन यूनिट ज्यादा है।

प्रबंध निदेशक श्री कटियार का कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा एवं उनकी टीम ने प्रबंध निदेशक का स्वागत किया। प्रबंध निदेशक ने कांफ्रेंस हाल में आयोजित बैठक में विद्युत संयंत्र के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। विद्युत संयंत्र की विशिष्ट तेल खपत में आई कमी को लेकर उन्होंने बेहद खुशी जाहिर की और संयंत्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की।

उन्होंने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने विद्युत संयंत्र के प्रमुख कार्यों को पॉवर पाइंट प्रजेंटेंशन के जरिए उनके समक्ष रखा, जिस पर उन्होंने संतोष जाहिर करते हुए विद्युतकर्मियों की हौसला आफजाई की। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंताओं सहित विद्युत संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोल हेंडलिंग बेल्ट में लगी आग, उत्पादन रोके बिना किया दुरुस्त



**रायपुर** | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के कोल हैंडलिंग प्लांट में 22 अक्टूबर की सुबह आग लग गई, जिसे अग्निशमन विभाग की टीम ने त्वरित गति से आपरेशन चलाकर नियंत्रित कर लिया। इस अग्निदुर्घटना के बाद भी बिना किसी ब्रेकडाऊन के पॉवर कंपनी के सभी संयंत्र निर्बाध रूप से विद्युत उत्पादन करते रहे। इस घटना के छह घंटे के भीतर एक कन्वेयर बेल्ट से कोयला आपूर्ति बहाल किया गया। इस घटना की प्रारंभिक जांच के लिये अतिरिक्त मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है।

जनरेशन कंपनी के हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में कुल 1340 मेगावाट के पांच विद्युत ईकाईयां हैं, इनमें 210 मेगावाट की चार और 500 मेगावाट की एक ईकाई संचालित हैं। यहां विद्युत उत्पादन के लिये 14 किलोमीटर दूर कुसमुंडा खदान से तीन कन्वेयर बेल्ट के जरिये कोयला आता है। इसी कन्वेयर बेल्ट में आग लग गई। इसका कारण कोल कन्वेयर 12 बी के हेड एंड पुली और कन्वेयर बेल्ट के बीच घर्षण को बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही विद्युत अमला सतर्क हो गया और तत्काल अग्निशमन टीम को सूचना दी गई। कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना से विद्युत उत्पादन अप्रभावित रहा, क्योंकि जनरेशन संयंत्र के बंकर में इतना कोयला होता है, जिससे संयंत्र बिना कोयला आपूर्ति के 24 घंटे तक विद्युत उत्पादन कर सकता है। जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री संजीव कुमार कटियार ने बताया कि इस दुर्घटना में लगभग 50 मीटर पुराना बेल्ट और पुर्ली की लागिंग क्षतिग्रस्त हो गई एवं कुछ सप्लाई केबल झुलस गए हैं। इससे आरंभिक अनुमानित क्षति लगभग 2 से 3 लाख रुपए की है। जनरेशन कंपनी की तीनों कन्वेयर बेल्ट में से कन्वेयर ए को छह घंटे के भीतर ही चला लिया गया और कोयला आपूर्ति प्रारंभ कर दी गई। सभी संयंत्र अपनी पूरी क्षमता, से बिजली उत्पादन कर रहे हैं और प्लांट में कोयले की पर्याप्त उपलब्धता है। इस घटना की जांच के लिये अतिरिक्त मुख्य अभियंता (टी एंड एसएस) श्री एमके गुप्ता जांच प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

# औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह में कर्मियों को किया गया जागरूक



**मड़वा**। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा में 04 से 11 दिसंबर तक औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। संयंत्र परिसर में अग्निदुर्घटना की मॉकड्रिल की गई। कैंटीन में श्रमिकों को सुरक्षा जागरूकता पर चलचित्र दिखाया गया। साथ ही वक्ताओं द्वारा व्याख्यान भी दिए गए। अग्निशमन विभाग द्वारा अग्निसुरक्षा से जुड़े उपकरणों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने कहा कि सुरक्षा नहीं अपनाने से दुर्घटनाएं होती हैं। इन दुर्घटनाओं की वजह से कार्यस्थल में भय का माहौल बनता है। इस कारण किसी भी संस्थान का कार्य प्रभावित होता है। इसलिए असुरक्षित कार्य करने से बचें। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसडी द्विवेदी एवं मोहम्मद शाहिद खान ने भी सुरक्षा जागरूकता पर अपने विचार व्यक्त किए। गौरतलब है कि 1984 की भोपाल गैस त्रासदी जैसी घटना की पुनरावृत्ति से बचने और जनजागरूकता के लिए औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जाता है। संरक्षा विभाग द्वारा सेफ्टी कल्चर का विकास विषय पर पोस्टर बनाओ, निबंध व नारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों में इंदु खलखो, संतोष सोनी, विजय डहरिया, जयकृपाल यादव, सतीश यदु, परिक्रमा साव, अंकिता वर्मा, निधि यदु एवं अक्ष देवांगन, भाव्या नेताम, विशेष चौबे, उत्कर्ष देवांगन, रूपांशी देवांगन एवं संस्कार झा को कार्यपालक निदेशक एवं अतिथियों के हाथों पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संयोजन अधीक्षण अभियंता एन. साहा ने किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यपालन अभियंता नरेंद्र देवांगन, सहायक अभियंता विजय कुमार बर्मन एवं रीना धुरंधर द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन कार्यपालन अभियंता केके टोप्पो ने किया।

## अग्नि दुर्घटना से निपटने के बताये गुर



**कोरबा पश्चिम**। हसदेव ताप विद्युत गृह के अग्निशमन सेवा विभाग ने औद्योगिक संरक्षा सप्ताह मनाया। 2 से 8 दिसंबर तक साप्ताहिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 7 दिसंबर को संयंत्र में नियोजित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेका कर्मियों को आग से उत्पन्न होने वाले संभावित खतरों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही इसकी प्रभावी रोकथाम हेतु प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के प्रचालन संबंधी डिमॉन्स्ट्रेशन (मॉक ड्रिल) किया गया, जिसमे सहायक अग्निशमन अधिकारी श्री जीपी पनरिया ने जानकारी प्रदान की। इसके उपरांत प्रश्नोत्तरी कार्यक्रमों का आयोजन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के अतिरिक्त मुख्य अभियंता ईंधन प्रबंधन श्री सुधीर कुमार पंड्या, अधीक्षण अभियंता श्री केएनबी राव, श्री प्रमोद कुमार बघेल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन से कार्यक्रम के आयोजकों का उत्साहवर्धन किया।

इसके अलावा औद्योगिक संरक्षा सप्ताह के अंतर्गत संयंत्र में गैस सिलेंडर एंड प्रेशर वेसल सेफ्टी विषय पर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 6 दिसंबर को संयंत्र के ओआरटी कक्ष क्रं 02 में किया गया। इसमें वरिष्ठ रसायनज्ञ श्री सुधीर कुमार मिश्रा एवं मुख्य संरक्षा अधिकारी श्रीमती प्रिया मिश्रा ने सुरक्षा को जीवन के लिए सर्वोपरि बताया।

## चूक से होने वाली दुर्घटनाओं से किया सतर्क




**कोरबा पश्चिम** | हसदेव ताप विद्युत गृह में औद्योगिक संरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कर्मकार प्रशिक्षण कार्यक्रमों नारा प्रतियोगिताएं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रमों मॉक ड्रिल एवं हेजार्ड हंट खेल के माध्यम से संरक्षा प्रबंधन में संयंत्रकर्मियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। इसमें सभी वर्ग के लिए पुरस्कार रखे गए थे। समारोह समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री संजय शर्मा ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसी अनुक्रम में संयंत्र कर्मियों के बीच संरक्षा के प्रति रुझान विकसित करने के उद्देश्य से सुरक्षा उपकरणों की आकर्षक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को संरक्षा के महत्व से अवगत कराने की दिशा में एक अनूठी पहल साबित हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में हसदेव ताप विद्युत गृह, कोरबा पश्चिम के विद्युत एवं सुधार संभाग तीन कोल हस्तांतरण शाखा आंतरिक संचालन एवं विद्युत सुधार तथा सिविल विभाग के साथ ही संयंत्र में नियोजित ठेका फर्मों- मेसर्स इंडवेल, मेसर्स एआर इंटरप्राइजेज, मेसर्स भावना, मेसर्स पाबला इत्यादि को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए संरक्षा जागरूकता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही इन साप्ताहिक कार्यक्रमों के सफल आयोजन में अहम योगदान देने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।

# पावर कंपनी से मुख्य अभियंता श्री अरविंद को दी गई भावभीनी विदाई



रायपुर | छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी से सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता (वाणिज्यिक एवं नियामक मामले) श्री आर.अरविंद को 31 अक्टूबर को कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एमडी श्री मनोज खरे, पावर जनरेशन कंपनी के एमडी श्री एसके कटियार ने उन्हें सेवा प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। प्रबंध निदेशकगणों ने सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता श्री आर.अरविंद की सेवाओं को प्रदेश के विद्युत विकास के लिए महत्वपूर्ण निरूपित करते हुए उनके द्वारा विद्युत मंडल एवं पावर कंपनी में किये गये योगदान की सराहना की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता श्री अरविंद ने अपने कार्य अनुभव बताते हुए अपनी सफलता का श्रेय टीमवर्क को दिया तथा सेवायात्रा के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशकगण सर्वश्री एमएस कंवर, सीएल नेताम, एमआर बागड़े एवं संदीप मोदी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। संचालन प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री गोविन्द पटेल ने किया।

## मुख्य अभियंता श्री दुबे को दी गई विदाई



रायपुर | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी में मुख्य अभियन्ता (मानव संसाधन) श्री विनय दुबे को सेवानिवृत्ति पश्चात् भावभीनी विदाई दी गई। पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल एवं पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार ने उन्हें सेवानिवृत्ति के लिए शुभकामनाएं दी एवं पावर कंपनी की ओर से प्रतीकात्मक भेंट, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सीई श्री क्रांति कुमार महोबे को विदाई



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी से सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता (सिविल) (राखड़ उपयोगिता एवं प्रदूषण नियंत्रण) श्री क्रान्ति कुमार महोबे को विद्युत सेवाभवन में 30 नवंबर को विदाई दी गई। प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल एवं श्री एसके कटियार ने उन्हें सेवा प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर उनके भाई आईएएस श्री धनंजय महोबे भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## श्री मोखरीवाले को दी विदाई



रायपुर | छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी से सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आनंद मोखरीवाले को एमडी श्री एसके कटियार ने अपने कार्यालय में प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

## एसीई श्री श्रीवास्तव को विदाई



रायपुर | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव को सेवानिवृत्ति पर प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार ने प्रतीकात्मक भेंट, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## स्टॉफ नर्स को भावभीनी विदाई



रायपुर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में अति.मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से स्टाफ नर्स श्रीमती नीलमणि पंचारी को भावभीनी विदाई दी गई। पावर कंपनी की ओर से प्रतीकात्मक भेंट, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# हसदेव ताप विद्युत गृह में अधीक्षण अभियंता सहित चार कर्मियों को विदाई



**कोरबा पश्चिम** | हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम से माह नवंबर में सेवानिवृत्त हुए अधीक्षण अभियंता श्री राजेन्द्र बडगुजर, वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्री शिव प्रसाद चौहान एवं श्री लोचन प्रसाद साहू, कनिष्ठ पर्यवेक्षक श्री कृष्ण चंद्र साहू एवं श्री जतरू राम कालो को भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत्त हुए सभी विशिष्ठ अतिथियों का मुख्य अभियंता श्री संजय शर्मा के आतिथ्य में पुष्प मालाओं से सम्मान किया गया तथा सेवानिवृत्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह एवं सेवा प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत्त कर्मियों ने सहयोगियों का आभार जताया।

## वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ को दी गई विदाई



**मड़वा** | अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा से नवंबर माह में वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ डॉ. आरके तिवारी सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने श्री तिवारी को स्मृति चिह्न व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

## अधीक्षण अभियंता को दी गई भावपूर्ण विदाई



**मड़वा** | अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह से अक्टूबर माह में अधीक्षण अभियंता दीपक विश्वास सेवानिवृत्त हो गए। मड़वा संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा के हाथों सेवानिवृत्त अधिकारी को स्मृति चिह्न एवं सेवा प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

## अंबिकापुर क्षेत्रीय कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी श्री तिवारी को विदाई

**अंबिकापुर**। क्षेत्रीय मुख्य अभियंता कार्यालय में पदस्थ प्रशासनिक अधिकारी श्री महेंद्र कुमार तिवारी विद्युत कंपनी में अपनी सेवा की अधिवर्षिकी आयु 62 वर्ष पूर्ण करने के उपरांत 30 नवंबर को सेवानिवृत हुए। अंबिकापुर में आयोजित समारोह में उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अंबिकापुर क्षेत्र के प्रभारी मुख्य अभियंता श्री राजेंद्र प्रसाद, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आरके मिश्रा, अधीक्षण अभियंता श्री राजेश लकड़ा एवं श्री आरपी ठाकुर एवं श्री वाईबी जैन महाप्रबंधक (वित्त) सहित श्री सुरेंद्र शुक्ला, श्री आरसी चेट्टी उपस्थित थे।



## हसदेव संयंत्र से सात कर्मियों को विदाई



**कोरबा पश्चिम** | हसदेव ताप विद्युत गृह से दिसंबर में सेवानिवृत्त हुए अनुभाग अधिकारी श्री दिलीप कुमार ढ़ोमने, श्री अजय कुमार साहू, श्री शिवचरण लाल साहू, श्री जन साय, श्री ऐना कुमार एवं श्री मोहन लालपटेल, श्रीमती सुचेता तालुकदार को भावभीनी विदाई दी गई ।

## कार्यपालन अभियंता को दी विदाई



**राजनांदगांव** | कवर्धा वृत्त के पंडरिया संभाग में पदस्थ कार्यपालन अभियंता श्री अशोक कुमार सिंह के सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह का आयोजन कर भावपूर्ण विदाई दी गई। उन्हें कवर्धा वृत्त के अधीक्षण अभियंता श्री रंजीत घोष ने स्मृति चिन्ह, उपहार एवं प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

# अधीक्षण अभियंता एवं अन्य कर्मचारियों को दी गई विदाई

**मड़वा** | अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा से सेवानिवृत्त हुए विभिन्न अधिकारियों को विदाई दी गई। उन्हें कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा के हाथों स्मृति चिह्न व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। दिसंबर महीने में सहायक अभियंता तेजराम सिरमौर को



विदाई दी गई। इसके पूर्व सितंबर माह में अधीक्षण अभियंता वायके सिंह, कार्यपालन अभियंता वीएस मनियन, कनिष्ठ पर्यवेक्षक बलराम प्रसाद साहू और अश्वनी कुमार साहू को दीर्घ सेवा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## वरिष्ठ पर्यविक्षक को विदाई




**कोरबा पश्चिम** | हसदेव ताप विद्युत गृह, कोरबा पश्चिम से अक्टूबर माह में वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्री अन्नू राम सेवानिवृत्त हुए। मुख्य अभियंता श्री संजय शर्मा ने उन्हें प्रतीक चिन्ह एवं सेवा प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की।

## अनुभाग अधिकारियों को दी गई विदाई



**बिलासपुर** | क्षेत्रीय कार्यालय में अनुभाग अधिकारी श्रीमती तरूणा बिल्लौरे एवं श्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, को 29 दिसंबर को आयोजित विदाई समारोह में विदाई दी गई। मुख्य अभियंता श्री एके धर ने उन्हें स्मृति चिन्ह एवं सेवाप्रमाण पत्र भेट कर सम्मानित किया।

## डीएसपीएम में विदाई समारोह




**कोरबा पूर्व** | डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह से माह अक्टूबर-2023 में श्री एमएल स्वर्णकार (अधीक्षण अभियंता), श्री अशोक महेन्दुर (अनुभागीय अधिकारी), श्री जेम्स केरकेट्टा (वरिष्ठ पर्यवेक्षक) एवं श्री लेबिदान तिर्की (कनिष्ठ पर्यवेक्षक) कोरबा पूर्व संयंत्र से सेवानिवृत्त हुये। मुख्य अभियंता डॉ. हेमंत सचदेवा ने उन्हें सेवा प्रमाण पत्र भेंट किया।

## जगदलपुर के कर्मचारी की भावभीनी विदाई



**जगदलपुर** | क्षेत्रीय कार्यालय परिवार की ओर से भृत्य श्री रूपसिंह ठाकुर को 31 सितम्बर को भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री एसके ठाकुर के द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारी श्री रूपसिंह ठाकुर को स्मृति चिन्ह घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। समारोह में क्षेत्रीय कार्यालय, जगदलपुर के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह से अधिकारी एवं कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त




**कोरबा पूर्व** | डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में दीर्घसेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सेवानिवृत्त हुए विभिन्न अधिकारी-कर्मचारियों को विदाई दी गई। इसके अंतर्गत 29 दिसंबर को आयोजित समारोह में कार्यपालन अभियंता घनश्याम सिंह वर्मा, कनिष्ठ पर्यवेक्षक मुकेश प्रसाद सिंह, हीरामन लाल एवं समारू लाल बरेठ को सम्मानित किया गया। इसके पूर्व सितंबर महीने में अधीक्षण अभियंता मन्नूलाल शर्मा, अनुभागीय अधिकारी गोरेलाल पाण्डेय, कनिष्ठ पर्यवेक्षक विजय पटनायक एवं भगवान प्रसाद साव को समारोहपूर्वक विदाई दी गई।

# चुनौतियों को धैर्यपूर्वक स्वीकारने से मिलती है सफलता

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष कार्यालय में कार्यपालक निदेशक के पद पर पदस्थ श्री अशोक कुमार पाण्डेय का जन्म 15 जनवरी 1962 मे ग्राम दयाछपरा जिला बलिया उत्तर प्रदेश में हुआ। अपनी माता स्व श्रीमती सुशीला पाण्डेय व पिता स्व. श्री शंकर दयाल पाण्डेय से सुसंस्कार संग सुशिक्षित बनने की यात्रा पथ पर आगे बढते हुये वर्ष 1977 में नवीन विद्या भवन जबलपुर (मध्यप्रदेश) से हायर सेकण्डरी की परीक्षा उत्तीर्ण की। आपकी रूचि इंजीनियरिंग के क्षेत्र में थी। आपने वर्ष 1982 में शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय जबलपुर मध्य प्रदेश से बीई (इलेक्ट्रिकल) की उपाधि अर्जित की।

वर्ष 1983 में आपने ग्रेजुएट ट्रेनी के पद से मध्यप्रदेश विद्युत मंडल में सेवायात्रा की शुरूआत की। आपकी प्रथम पदस्थापना 2x120 मेगावाट कोरबा पूर्व में की गई। वर्ष 1984 मई से दिसम्बर 2001 तक 2 x 120 मेगावाट तथा 4x50 में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत रहे। इन 17 वर्षों में आपने संयंत्र के यूनिट ऑपरेशन, स्विचयार्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिकल मेन्टेनेंस और कार्यालयीन कार्य में अपनी विशेष दक्षता का परिचय दिया। कार्य के प्रति समर्पण एवं लगन को देखते हुए आपको मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के मेम्बर जनरेशन कार्यालय में कार्यपालन अभियंता का विशेष प्रभार दिया गया। तत्पश्चात् आपको वर्ष



**श्री ए.के.पाण्डेय**
**(कार्यपालक निदेशक)**

2003 में कार्यपालन अभियंता के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। विद्युत क्षेत्र की बारीकियों की समझ और आपके त्वरित व सतर्कतापूर्वक किये गए कार्यो के कारण आपकी विशेष पहचान बनी, जिसके प्रतिफल के रूप में आपको चेयरमेन कार्यालय में पदस्थ किया गया, जहां आपने लगभग दो दशक तक अपनी सेवाएं दीं। आपको लंबे समय तक चेयरमेन कार्यालय में भारतीय प्रशासनिक सेवा के उच्च अधिकारियों के साथ कार्य करने का अनुभव प्राप्त हुआ।

कार्यपालन अभियंता रहते हुए आपको अध्यक्ष महोदय को प्रस्तुत किये गए सभी विभागों के प्रस्तावों के परीक्षण एवं उनमें गुणवत्तापूर्ण योगदान देने के लिए दो बार राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया गया। वर्ष 2011 में आपको अधीक्षण अभियंता के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। चेयरमेन कार्यालय में रहते हुए आपको 2019 में अतिरिक्त मुख्य अभियंता, 2022 में मुख्य अभियंता एवं 2023 में कार्यपालक निदेशक के शीर्ष पद पर पदोन्नत किया गया। सभी विभागों के प्रस्तावों के परीक्षण के साथ-साथ डीओपी तथा उसमें समय समय पर किये गए संशोधन, निविदा प्रक्रिया में अधिक स्पष्टता एवं पारदर्शिता लाने के लिए किये गये आवश्यक संशोधन, स्थापना /मानव संसाधन के विभिन्न परिपत्र और आदेश तथा अन्य विविध विषयों में भी आपका विशेष योगदान रहा।

सेवायात्रा में आगे बढ़ते हुये विद्युत विकास से संबंधित जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के दक्षतापूर्वक निर्वाह से आपने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई।

सेवायात्रा में आपको अपनी पत्नी श्रीमती पूनम पाण्डेय का विशेष सहयोग मिला। वे बीए ऑनर्स हैं। आपकी सुपुत्री श्रीमती दामिनी पाण्डेय बीई (आईटी) करने उपरान्त विप्रो और कॉगनिजेंट कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में लगभग 10 वर्षों की सेवा के पश्चात् अब अपना बैंगलोर में स्वतंत्र कार्य कर रही हैं। आपके दामाद श्री एस. सुरेश बीई (इलेक्ट्रानिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन) तथा एमई (कम्यूनिकेशन) करने के पश्चात् मल्टीनेशनल कंपनी ग्रैब में इंजीनियरिंग मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं।

आपकी द्वितीय सुपुत्री कु. यामिनी पाण्डेय बी-टेक (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन) में उपाधि प्राप्त कर एक्सेंचर कंपनी गुड़गांव में सीनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर पद पर पदस्थ हैं। सेवायात्रा के दौरान मिले विभिन्न जिम्मेदारियों व चुनौतियों को स्वीकारते हुये कार्य क्षेत्र मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करना आपकी सफलता का मूलमंत्र है।

## टेबल टेनिस में रायपुर क्षेत्र बना विजेता





**कोरबा पूर्व** | अन्तरक्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. श्यामा प्रसाद ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में 18 से 20 अक्टूबर जूनियर क्लब में किया गया। पुरूष वर्ग के टीम स्पर्धा का टेबल टेनिस प्रतियोगिता का फाइनल मैच रायपुर क्षेत्र ने कोरबा पूर्व को पराजित कर विजेता का खिताब हासिल करने में सफल रही। पुरूष एकल में दुर्ग क्षेत्र के खिलाड़ी रजनीश ओबेरॉय एवं पीवी रमन उप विजेता रहे, महिला एकल की विजेता दिव्या आम्दे, रायपुर क्षेत्र उप विजेता श्रद्धा वर्मा, रायपुर सेन्ट्रल, महिला डबल विजेता श्रद्धा वर्मा एवं उपासी धंगड़ रायपुर सेन्ट्रल उपविजेता दिव्या आम्दे एवं यशोदा रौतिया रायपुर रीजन रही। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अभियंता डॉ. हेमंत सचदेवा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## गांधी जयंती पर स्वच्छता का दिया संदेश





**कोरबा पश्चिम**| हसदेव ताप विद्युत गृह में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता सेवा अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्य अभियंता श्री संजय शर्मा ने संयंत्र के अधिकारियों/कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसी अनुक्रम में उनके नेतृत्व में 1 अक्टूबर को संयंत्र व आवासीय परिसर के स्थानों को स्वच्छ रखने हेतु 1 घंटे का श्रमदान दिया गया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने अपने उदबोधन में शपथ में उल्लेख की गई बातों को अपने आचरण में आत्मसात् किए जाने की आवश्यकता बताई। हमें स्वच्छता को व्यवसाय की अवधारणा देते हुए स्वच्छ भारत बनाकर देश की प्रगति और खुशहाली में अपना योगदान देना चाहिए।

# लगातार कोशिश से आती है कार्य में दक्षता



**श्री अविनाश सोनेकर**
**(मुख्य अभियन्ता)**
CSPTCL, Raipur

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में मुख्य अभियंता के पद पर पदस्थ श्री अविनाश सोनेकर का जन्म 1962 को मध्यप्रदेश के बालाघाट में हुआ। आपके पिता स्व. बीआर सोनेकर एवं माता स्व. कमला सोनेकर के सुसंस्कारों के साथ विकट परिस्थितियों में भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा प्राप्त की। आपकी प्रारंभिक शिक्षा सिवनी जिला मध्यप्रदेश मिशन स्कूल में हायर सेकेण्डरी की शिक्षा वर्ष 1979 में हुई। वर्ष 1984 में आपने रायपुर स्थित शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय से बीई की उपाधि प्राप्त की।

मध्यप्रदेश विद्युत मंडल में आपकी पहली पदस्थापना प्रशिक्षु के तौर पर 1988 में हुई। इस दौरान आपने महासमुंद में कार्य किया। आपको सहायक अभियंता के पद पर नियमित करते हुए महासमुंद में नियुक्त किया गया। सहायक अभियंता रहते हुए आप नयापारा राजिम व धमतरी में भी पदस्थ रहे। सहायक अभियंता के पद पर 18 वर्ष की सेवा के उपरांत वर्ष 2006 में आपको प्रथम पदोन्नति कार्यपालन अभियंता के रूप में प्राप्त हुई। आपको क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग में सर्तकता की जिम्मेदारी प्रदान की गई। इसके पश्चात् आपने राजनांदगांव, महासमुंद, उरला, रायपुर में सेवाएं दीं। आपके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए आपको वर्ष 2010 में विद्युत के दुरूपयोग तथा विद्युत चोरी रोकने के लिए राज्य राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया था।

वर्ष 2017 में आपको द्वितीय पदोन्नति अधीक्षण अभियंता के पद प्रदान की गई तथा आपको राजनांदगांव में पदस्थ किया गया। इस दौरान राजनांदगांव जिले में सौभाग्य योजना के अंतर्गत ग्रामीण विद्युतीकरण का उल्लेखनीय कार्य करवाया गया। इस पद पर आपको जगदलपुर में भी कार्य करने का अनुभव प्राप्त हुआ। आपको वर्ष 2022 में अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई और ट्रांसमिशन कंपनी रायपुर के कार्यालय में पदस्थ किया गया। इसके पश्चात् आपको कंपनी प्रबंधन ने वर्ष 2023 में मुख्य अभियंता के शीर्ष पद पर पदोन्नत किया और आपकी पदस्थापना ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता (लाइन) कार्यालय में की। इस तरह आपने लगभग 35 वर्षों के दौरान महत्वपूर्ण एवं विभिन्न भूमिका का निर्वहन किया। आपकी पत्नी श्रीमती यशोदा सोनेकर एमएससी हैं। सुपुत्री श्रीमती सजल सोनेकर बीई हैं, तथा पीडब्ल्यूसी इंडिया मुंबई में सेवारत् हैं। आपके सुपुत्र श्री सौरभ सोनेकर ने बी-टेक करने के बाद एमबीए किया है। वर्तमान में वे मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया मुंबई सेवारत् हैं। आपका मानना है कि किसी भी कार्य को कठिन नहीं मानना चाहिए, बल्कि उसे चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए लगातार कोशिश करते रहना चाहिए, निरंतर प्रयास से अपने कार्य में दक्षता प्राप्त कर सकते हैं।

## गयानगर में नया विद्युत उपकेंद्र ऊर्जीकृत, 6500 उपभोक्ताओं को मिलेगी निर्बाध बिजली



दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी दुर्ग क्षेत्र के तहत विभागीय दुर्ग शहर संभाग के अंतर्गत गया नगर में 05 एमव्हीए क्षमता के नये 33/11 केव्ही विद्युत उपकेंद्र को 29 नवंबर को ऊर्जीकृत किया गया। एसटीएन योजना के तहत शहर के गया नगर में नया उपकेंद्र बन जाने से लगभग 6500 उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज के साथ निर्बाध विद्युत की आपूर्ति होगी। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री एम जामुलकर ने बताया कि उक्त विद्युत उपकेंद्र के निर्माण से संबंधित क्षेत्र के लगभग 6500 उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज एवं विद्युत व्यवधान की समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि नये उपकेंद्र के बन जाने से बघेरा जोन के पंचशील नगर, राजीव नगर, राम नगर, गया नगर, हरनाबांधा, मठपारा, चंडी मंदिर चौक, ठेठवार पारा, बैगापारा, ढीमर पारा एवं ब्राम्हण पारा सहित आसपास के क्षेत्र को अब निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलेगी। उन्होंने कहा है कि कंपनी अपने कार्यक्षेत्र के सभी बिजली उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज पर गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है।

## सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांत को समझकर दूर की जा सकती हैं विद्युत दुर्घटनाएं- मुख्य अभियंता




दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत भिलाई संभाग के मैदानी अमलों में कार्यरत विद्युत कर्मियों हेतु 20 दिसंबर को जामगांव(आर) वितरण केंद्र में एक दिवसीय विद्युत सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर ने तकनीकी एवं ठेका कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कार्य करने एवं लाइन मेन्टेनेंस तथा एरियर्स रिकवरी के उपायों के विषय में जानकारी दी गई। श्री जामुलकर ने कहा कि विद्युत सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांतों को समझकर और पालन करके ही विद्युतीय दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं। ज्यादातर हादसे छोटी-छोटी लापरवाही से होते हैं, इसलिए बचाव के साधनों का पूरा उपयोग कर ही बिजली का कार्य किया जाना चाहिये। अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एचके मेश्राम एवं कार्यपालन अभियंता श्री धर्मेन्द्र कुमार भारती ने मैदानी अमलों को सुरक्षा उपकरणों जैसे सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्ताने, टेस्टर, डिस्चार्ज राड आदि का उपयोग करते हुए कार्य करने के निर्देश दिये। कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता श्रीमती अनसुईया ठाकुर एवं श्री सुनील चौहान, सहायक अभियंता श्री भूपेश वर्मा उपस्थित थे।

# शतरंज चैंपियनशिप में कोरबा ने मारी बाजी, मुकेश और नूतन विजेता

**रायपुर**| छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के अंतर क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता में महिला वर्ग से कोरबा वेस्ट टीम विजेता रही। साथ ही पुरुष वर्ग में अटल बिहारी ताप विद्युत गृह मड़वा का दबदबा रहा। व्यक्तिगत श्रेणी में मुकेश सोनकर मड़वा और नूतन ठाकुर कोरबा विजेता तथा राजेश गोपाल गुप्ता दुर्ग व मीना कुर्रे रायपुर उपविजेता रहीं। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा के लिए श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन भी किया गया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद ने क्षेत्रीय शतरंज स्पर्धा का तीन दिवसीय आयोजन किया। इसका समापन 14 दिसंबर को डगनिया मुख्यालय में हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के डायरेक्टर श्री केएस रामाकृष्णा रहे। उन्होंने सभी विजेताओं व उपविजेताओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि खेल के आयोजन से कार्यालयीन कर्मियों में रचनात्मक बढ़ती है। इससे उनमें नई ऊर्जा का संचार होता है। अध्यक्षता कर रहे कार्यपालक निदेशक श्री केएस मनोठिया ने कहा कि खेल हमें सकारात्मक बनाता है। इस अवसर पर



क्रीडा एवं कला परिषद के महासचिव एवं कार्यपालक निदेशक श्री एम एस चौहान ने राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए पुरूष और महिला खिलाडियों के नामों की घोषणा की।इस अवसर पर तीन अधिकारियों को खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान दिया गया। इसमें अधीक्षण अभियंता श्री आरके बंछोर, श्री सारथी करकरे कोरबा एवं, प्रबंधक श्री अरूण कुमार देवांगन को शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री अशोक कुमार वर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री विनोद अग्रवाल, सचिव श्री पंकज सिंह, केंद्रीय पर्यवेक्षक श्री रजनीश चौबे उपस्थित रहे। प्रतियोगता के आब्जर्वर श्री आयुष सिंह व श्री विनेश दौलतानी रहे। सामूहिक पुरस्कारों की श्रेणी पुरुष वर्ग में अटल बिहारी ताप विद्युत गृह मड़वा की टीम विजेता रही। इसमें मुकेश सोनकर, मनोज ठाकुर, रूपेश देवांगन व लोकेश यादव को पुरस्कृत किया गया। उपविजेता दुर्ग रीजन की टीम रही, इसमें राजेश गोपाल गुप्ता, मनीष ठाकुर, यशवंत चंद्राकर, राजेश शर्मा को पुरस्कृत किया गया। महिला वर्ग से हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम की टीम विजेता रही, इसमें नूतन ठाकुर व मंजुला साहू को पुरस्कृत किया गया। उपविजेता रायपुर सेंट्रल रही, जिसमें जुवेना गोम्स व भारती फेरो को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक (जनसंपर्क) गोविन्द पटेल ने किया। आभार प्रदर्शन प्रबंधन (पीएंडएस) राजेश सिंह ने किया।

## कोरबा पश्चिम ने जीता फुटबाल का फाइनल



**कोरबा पश्चिम** | क्षेत्रीय कला एवं क्रीड़ा परिषद हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम की मेजबानी में 13 से 16 दिसंबर तक अंतर क्षेत्रीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन लाल मैदान दर्री में किया गया, इसमें छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के 8 क्षेत्रों की टीमों ने भाग लिया । प्रतियोगिता का फाइनल मैच हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम तथा बिलासपुर संभाग की टीमों के बीच खेला गया जिसमें हसदेव ताप विद्युत गृह,कोरबा पश्चिम ने 4-0 से जीत हासिल की। इस चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट में सर्वाधिक 11 गोल करने वाले हसदेव ताप विद्युत गृह, कोरबा पश्चिम के खिलाड़ी श्री अमन किशोर को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' तथा बिलासपुर क्षेत्र के श्री राकेश राठौर को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का खिताब प्राप्त हुआ। संयंत्र के मुख्य अभियंता श्री संजय शर्मा ने विजेता टीम एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री हेमंत सिंह एवं श्री पीके स्वेन ने भी विजेता टीम को बधाई दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में हसदेव ताप विद्युत गृह, कोरबा पश्चिम की क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष श्री राजेश कुमार पांडे, सचिव श्री सतीश बरदिया, उप सचिव श्री हर्षल विश्वकर्मा एवं श्री अविनाश पाठक के साथ श्री शशांक कर्महे का अहम योगदान रहा ।

## लॉन टेनिस में रायपुर रीजन बना विजेता



**रायपुर** | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के तीन दिवसीय अंतरक्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन यूनियन क्लब रायपुर में किया गया। इसके टीम मुकाबले में कोरबा पश्चिम की टीम को 3-0 से हराकर रायपुर रीजन ने खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक श्री जेएस नेताम, कार्यपालक निदेशक श्री केएस मनोठिया एवं प्रभारी अधीक्षण अभियंता श्री मनोज वर्मा ने भी संबोधित किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन टीम स्पर्धा के लिए रायपुर रीजन, उप विजेता कोरबा पश्चिम, ओपन एकल में रजनीश ओबेराय, दुर्ग, उपविजेता हर्षल विश्वकर्मा, कोरबा पश्चिम, ओपन युगल स्पर्धा के विजेताओं और उपविजेताओं को भी अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

इस मौके पर श्री नेताम ने अखिल भारतीय अंतरराज्यीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की। चयनित खिलाड़ियों में ऋषि बंछोर, एहतेशाम उल हक रजनीश ओबेराय(दुर्ग), हर्षल विश्वकर्मा, सुनील सिंह,विकल्प तिवारी (कोरबा पश्चिम) और समीर तिवारी(बिलासपुर) शामिल हैं। प्रतियोगिता में प्रदेश की 7 क्षेत्रीय टीमों रायपुर रीजन, रायपुर सेंट्रल, बिलासपुर रीजन ,दुर्ग रीजन ,राजनांदगांव रीजन, कोरबा पूर्व और कोरबा पश्चिम के 40 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

# राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह पर बच्चों ने उकेरे मनमोहक चित्र



**मड़वा** | अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में 08 से 14 दिसंबर तक राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर विद्युत संयंत्र के प्रशासनिक भवन परिसर में पौधरोपण किया गया। इसके साथ ही बच्चों के बीच चित्रकला स्पर्धा, कर्मचारियों व श्रमिकों के बीच नारा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने कहा कि ऊर्जा की बचत अपने दैनिक कार्यों में करें तभी हमारा भविष्य सुरक्षित रहेगा। ऊर्जा बचाने के तरीकों को जानना और उस पर अमल करना आवश्यक है। देश में ऊर्जा के परंपरागत स्रोत सीमित हैं इसलिए कोयला ईंधन आदि का समुचित उपयोग जरूरी है। कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा कि नई क्रांति के साथ ऊर्जा की खपत बढ़ रही है। धरती पर कोयला के सीमित भंडार हैं, हमें इसका वैकल्पिक स्रोत तलाशना होगा। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी ऊर्जा संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए। ऊर्जा संरक्षण सप्ताह में चित्रकला स्पर्धा के विजयी प्रतिभागी बच्चे भाव्या नेताम, विशेष चौबे, अदिति साहू, जान्हवी जायसवाल, जैन कुमार और तन्वी सिंह को प्रोत्साहित करते हुए अतिथियों द्वारा पुरस्कार दिया गया। नारा प्रतियोगिता के विजेता देवेश कुमार विजय डहरिया और किशोर कुमार साक्षी को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहायक प्रबंध (पर्यावरण) द्वारा चलचित्र के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक बनाया गया। कार्यक्रम का समन्वय कार्यपालन अभियंता राजगोपाल नेताम एवं सहायक अभियंता रमन सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अधीक्षण अभियंता जयपाल बेक द्वारा सप्ताहभर में आयोजित हुए कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजाबाबू कोसरे, एसडी द्विवेदी, पीके श्रीवास्तव, मोहम्मद शाहिद खान एवं भरत गढ़पाले की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## डीएसपीएम में मनाया औद्योगिक संरक्षा सप्ताह



**कोरबा पूर्व** | डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में 4 दिसंबर को औद्योगिक संरक्षा दिवस एवं 4 से 11 दिसंबर तक औद्योगिक संरक्षा सप्ताह मनाया गया। इसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

समापन अवसर पर मुख्य अभियंता डॉ. हेमंत सचदेवा ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। कविता लेखन में (अधिकारी वर्ग) में रंजना फुटाने (प्रथम), कविता ठक्कर (द्वितीय), कविता प्रतियागिता (कर्मचारी वर्ग) में घनश्याम साहू (प्रथम), हेमन्त वर्मा, घनश्याम क्षत्रिय, (द्वितीय), एवं पवन दास (तृतीय) एवं कविता प्रतियागिता ठेका कर्मचारी वर्ग मे महिपाल कैवर्त (प्रथम), होरी दास महंत (द्वितीय), एवं रवि कुमार साहू, (तृतीय) रहे।

## मड़वा में मनाया गया ओजोन परत संरक्षण दिवस



**मड़वा**। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र मड़वा में 16 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाया गया। कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ओजोन परत संरक्षण की शपथ दिलाई।

उन्होंने कहा कि ओजोन परत के संरक्षण के लिए जागरूक बनकर उन उपकरणों का उपयोग कम करना होगा जिससे क्लोरोफ्लोरो कार्बन उत्सर्जित होते हैं। उन तत्वों से भी सतर्क रहना होगा, जो ओजोन परत के लिए खतरनाक साबित होते हैं। ओजोन परत हमारी धरती के लिए अद्भुत सुरक्षा घेरा है, इसी के होने से धरती में जीवन संभव हुआ है। इस अवसर पर वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ आरके तिवारी भी उपस्थित थे।

# रोगों से बचाव के लिए आहार और पोषण की संतुलित मात्रा जरूरी



**कोरबा पश्चिम**। संकल्प महिला मंडल ने हेल्थ एंड वेलनेस वर्कशॉप का आयोजन किया। इसमें मुख्य अभियंता श्री संजय शर्मा व संकल्प महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती निहारिका शर्मा की विशेष रूप से उपस्थित थीं। इसमें डाइट व न्यूट्रीशियन कंसल्टेंट निधि पांडे ने संयंत्र प्रबंधन के अधिकारी-कर्मचारियों को स्वस्थ्य रहने हेतु दैनिक जीवन की उपयोगी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रोगों से बचाव के लिए आहार और पोषण की संतुलित मात्रा जरुरी है। पोषित आहार से शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है, साथ ही डायबिटीज, हाइपरटेंशन, थायराइड समेत अनेक गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। वैलनेस कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी से प्रतिभागियों की जिज्ञासा संतुष्ट किया गया।

शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने समेत डाइट से जुड़े अन्य सवाल भी पूछे। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके गुप्ता, पीके स्वेन, सुधीर पंड्या सहित संकल्प महिला मंडल के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में क्लब के सचिव श्री मनीष श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन को सफल बनाने में श्री शशांक कर्महे एवं श्री प्रदीप देवांगन का विशेष योगदान रहा।

# स्वास्थ्य शिविर में हुआ रोगों का परीक्षण व इलाज




**जगदलपुर**। पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के क्षेत्रीय कार्यालय में स्थित औषधालय में 21 सितम्बर को एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में रक्तचाप, मधुमेह से संबंधित बीमारियों की जांच कर उपचार किया गया।

ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल एवं विद्युत कंपनी के चिकित्सा अधिकारी/कर्मचारियों की संयुक्त टीम की ओर से इसका आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्साधिकारी डॉ आरके श्रवण, कार्यपालन अभियंता श्री दिलीप कुमार सैनी, कार्यपालन अभियंता एसपी द्विवेदी, सहायक अभियंता श्री सलीम खान, प्रशासनिक अधिकारी श्री एसआर नेताम, अनुभाग अधिकारी श्री आरपी ध्रुव, कार्यालय सहायक श्रेणी-दो श्री संतोष कुमार दास एवं बड़ी संख्या में विद्युत कंपनी के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकता का लिया संकल्प



**कोरबा पश्चिम**। देश के पहले उपप्रधानमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को हसदेव ताप विद्युत गृह में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली गई। इसमें राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की भावना को बनाये रखने का संकल्प संयंत्र के विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा लिया गया। इस अवसर पर संयंत्र के मुख्य अभियंता श्री संजय शर्मा ने श्री वल्लभ भाई पटेल के राष्ट्र को एकजुट करने के उनके अथक प्रयासों का स्मरण करते हुए कहा कि जिस प्रकार सरदार पटेल ने अपनी बुद्धिमता एवं प्रशासनिक कौशल का परिचय देते हुए देश की लगभग 562 रियासतों का विलय भारत-संघ में करवाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया, उसके लिए देश सदैव उनका ऋणी रहेगा।

# हिन्दी भाषा हमारी संस्कृति की धरोहर हैं- डॉ. हेमंत सचदेवा



**कोरबा पूर्व**। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, में 14 से 21 सितम्बर तक हिन्दी दिवस सप्ताह का आयोजन किया गया। हिन्दी दिवस सप्ताह के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता डॉ. हेमंत सचदेवा थे। इस अवसर पर अतिथियों ने सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रजव्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। डॉ. सचदेवा ने कहा कि हिन्दी भाषा हमारी संस्कृति की धरोहर है एवं राष्ट्रीय भाषा के रूप में महत्वपूर्ण भी है, हमे अपने मातृभाषा के प्रति समर्पित रहना चाहिए। हमें हिन्दी की बढ़ती उपयोगिता को समझना चाहिए ताकि हम अपने विचार को सही ढंग से व्यक्त कर सकें। उन्होंने कहा सप्ताह भर चलने वाले इस हिन्दी दिवस के विभिन्न कार्यक्रमों में हम सभी को अपनी सहभागिता निभानी चाहिए एवं मातृभाषा हिन्दी के प्रति सभी को जागरूक करना हम सभी का परम कर्तव्य है।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त मुख्य अभियंता (एस एण्ड पी) अंजना कुजुर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (एस एंड एससी) राजेश्वरी रावत , अतिरिक्त मुख्य अभियंता (ईंधन प्रबंधन) भुवनेश्वर पाटले, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (टीएसएस) आशीष श्रीवास्तव, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (संचारण एवं संधारण) संजीव कंसल, एवं मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी उपस्थित थीं। हिन्दी दिवस के बारे में सभी अतिथियों ने भी अपने-अपने विचार रखे।

हिन्दी दिवस सप्ताह के दौरान कर्मियों में हिन्दी भाषा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिये निबंध, नारा एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यपालन अभियंता नीलम शर्मा द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन प्रशासनिक अधिकारी दिलेश्वर सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हेमलता गुरूपंच, सुहिर्द कुमार डेविड, महिपाल कैवर्त एवं राजकुमार का सहयोग सराहनीय रहा।

## देश के विकास में सहकारिता का है बड़ा महत्व




**बिलासपुर**। क्षेत्रीय कार्यालय स्थित कल्याण भवन में विद्युत कर्मचारी थ्रिप्ट एवं साख सहकारी संस्था की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रूप में मुख्य अभियंता श्री एके धर, कार्यपालन अभियंता श्री पीआर साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता थ्रिप्ट सोसायटी के अध्यक्ष श्री नरेश कुमार पांडेय ने किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों एवं वक्ताओं ने मानव जीवन में और देश की प्रगति में सहकारिता के महत्व को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में मंच संचालन श्री रामेश्वर दास मानिकपुरी और आभार प्रदर्शन श्री रामलाल सूर्यवंशी ने किया। इस दौरान बडी संख्या में विभागीय अधिकारी/कर्मचारी एवं थ्रिप्ट समिति के सदस्यण उपस्थित रहे।

## जागरूक करने विद्युत संयंत्र में हुई मॉकड्रिल



**कोरबा पश्चिम**। हसदेव ताप विद्युत गृह में हेजार्ड हंट खेल एवं संरक्षा संबधी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। औद्योगिक संरक्षा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में 5 दिसंबर को हसदेव ताप विद्युत गृह, कोरबा पश्चिम के 1x500 मे.वा संयंत्र में कार्यरत कार्मिकों एवं ठेका कर्मियों के लिए हेजार्ड आइडेंटीफिकेशन से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाया गया, जिसके उपरांत हेजार्ड हंट खेल के माध्यम से संयंत्र-कर्मियों को जागरूक कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसी कड़ी में ताप विद्युत गृह के क्लोरिनेशन प्लांट में संरक्षा संबंधी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संयंत्र-कर्मियों द्वारा उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता प्रदान की गई।

# आकृति महिला मंडल ने बाल दिवस पर आयोजित की चित्रकला स्पर्धा



**मड़वा**| अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह के आवासीय कॉलोनी में बाल दिवस पर आकृति महिला मंडल (सीनियर क्लब) द्वारा विविध कार्यक्रम कराए गए। कार्यक्रम में आकृति महिला मंडल की अध्यक्ष निवेदिता बंजारा की उपस्थिति में महिला मंडल की सदस्याओं ने पंडित जवाहर लाल नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके कार्यों को याद किया। साथ ही महिला मंडल की पदाधिकारियों ने चाचा नेहरू के पारिवारिक सदस्यों की वेशभूषा में शामिल होकर उनकी यादों को ताजा किया। महिला मंडल द्वारा बच्चों के लिए चित्रकला स्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतिभागी बच्चों को आकृति महिला मंडल की अध्यक्ष निवेदिता बंजारा के हाथों पुरस्कृत किया गया। इसमें आकृति महिला मंडल के सदस्यों विशेष योगदान रहा।

## राष्ट्रीय स्पर्धा में खिलाडियों का शानदार प्रदर्शन



**रायपुर** | 45वीं आल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्टस कंट्रोल बोर्ड महिला टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की महिला खिलाडियों का शानदार प्रदर्शन रहा। उन्होंने टूर्नामेंट के सभी खेलों में जीत दर्ज की। इसका आयोजन 9 से 12 अक्टूबर तक चेन्नई में आयोजित हुआ। टेबल टेनिस में टीम इवेन्ट मे दिव्या अंबडे, शिखा खांडे, डॉ मंजूलता साहू, उपासी दंगड, एकल स्पर्धा में दिव्या ने रजत पदक व डबल्स में दिव्या व शिखा ने कांस्य पदक हासिल किया। बैडमिन्टन स्पर्धा में टीम इवेन्ट में कांस्य पद हासिल कर अनीता सिंह उईके, वीरांगना भगत, जुवेना गोम्स, संध्या रानी ने हिस्सा लिया। डबल्स में अनिता सिंह उईके, वीरांगना भगत ने रजत पदक दिलाया। कैरम स्पर्धा में नमिता जैन, कंचन महेश ठाकुर, रीना पुरी गोस्वामी, शकुंतला करक ने कांस्य पदक जीता। शतरंज स्पर्धा में प्रथम स्थान नूतन ठाकुर व जागृति स्वर्णकार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम मैनेजर नमिता जैन व टीम कोच सागर पिंपलापुरे भी इसमें शामिल रहे।

## ऑल इंडिया टीटी में पॉवर कंपनी ने जीता गोल्ड



**रायपुर** | 45वीं अखिल भारतीय विद्युत मंडलीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ की टीम ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। यह पहली बार हुआ है की पुरुष वर्ग की अखिल भारतीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पॉवर कंपनी की टीम को मेडल प्राप्त हुआ है। इसका आयोजन आंध्रप्रदेश इलेक्ट्रिसिटी कॉरपोरेशन स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा काकीनाडा में 22 से 25 अगस्त के बीच किया गया। टीम इवेंट प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने कर्नाटक को 3-1, उत्तरप्रदेश को 3-1, कोलकाता को 3-0, आंध्रप्रदेश को 3-1, सेमी फाइनल में फिर से उत्तरप्रदेश को 3-0 और इसी तरह आगे बढ़ते हुए फाइनल मैच में तमिलनाडु को 3-2 से हराया और प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार इतिहास रचते हुए सिंगल्स इवेंट में श्री रजनीश ओबेरॉय ने सभी राज्य के खिलाड़ियों को हराते हुए आगे बढ़े एवं प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया। पुरुष डबल्स में रजनीश ओबेरॉय एवं समीर तिवारी की जोड़ी क्वार्टर फाइनल तक पहुंची।

# संकल्प महिला मंडल ने किया दशावतार नाटिका का मंचन




**कोरबा पश्चिम** | संकल्प महिला मंडल हसदेव ताप विद्युत गृह की ओर से जन्माष्टमी पर्व का भव्य आयोजन 7 सितम्बर को रविंद्र सांस्कृतिक भवन (सीनियर क्लब) में किया गया, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने एक से बढ़कर एक कृष्णमयी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण की झांकी का सभागृह में उपस्थित सभी लोगों ने भरपूर आनंद लिया। दशावतार, कृष्ण अर्जुन सखा जैसे नाट्य एवं विभिन्न नृत्यों के माध्यम से कृष्ण-लीला की मनोरम प्रस्तुति की गई एवं सुमधुर भजनों का गान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री संजय शर्मा ने बच्चों के संग मटकी फोड़ कार्यक्रम में भाग लेकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर संकल्प महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती निहारिका शर्मा, श्रीमती रूक्मणी सिंह, श्रीमती अभिलाषा गुप्ता, श्रीमती मिनती स्वेन विशेष रूप से उपस्थित थीं।

## संयंत्र में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना




**मड़वा**। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र में विश्वकर्मा जयंती पर धूमधाम से मनाई गई। कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर विद्युत संयंत्र के कुशल संचालन के लिए प्रार्थना की गई। पूजा-अर्चना के बाद भोग भंडारा व प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव, ए.खान, एसडी द्विवेदी एवं डॉ.आरके तिवारी उपस्थित थे।

## विधि-विधान से मनाई विश्वकर्मा जयंती



**कोरबा पश्चिम**| हसदेव ताप विद्युत गृह के विभिन्न विभागों द्वारा 17 सितंबर को पारंपरिक विधि-विधान विश्वकर्मा पूजन का आयोजन किया गया। मुख्य अभियंता श्री संजय शर्मा सहित संयंत्र के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं श्रम जीवियों द्वारा ताप विद्युत गृह में स्थापित कलपुर्जों एवं मशीनों की विधिवत् पूजा की गई। इस अवसर पर उनके द्वारा उद्योग-धंधों से जुड़े लोगों की तरक्की तथा उन्नति की कामना की गई।

## भगवान राम की झांकी के साथ हुआ कीर्तन



**कोरबा पश्चिम**। हसदेव ताप विद्युत गृह में 24 अक्टूबर को लाल मैदान में बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व विजयादशमी (दशहरा) बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय मंदिर में भव्य राम झांकी के पूजन से प्रारंभ हुआ तथा भजन मंडली के साथ कीर्तन करते हुए झांकी हसदेव ताप विद्युत गृह के आवासीय परिसर में भ्रमण करते हुए उत्सव स्थल पर पहुंची। प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार ने राम-सीता एवं लक्ष्मण की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री संजय शर्मा, आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री हेमन्त सिंह एवं डीएसपीएम के मुख्य अभियंता श्री हेमंत सचदेवा सहित प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

## राममय हुआ मड़वा का आवासीय परिसर



**मड़वा**। आवासीय कॉलोनी विद्युतनगर बसंतपुर में छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक विकास मंच दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में दशहरा उत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। दशहरा मैदान पर कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा एवं श्रीमती निवेदिता बंजारा द्वारा भगवान श्रीराम-लक्ष्मण की पूजा-अर्चना की गई। इसके साथ ही जोरदार आसमानी आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजाबाबू कोसरे व एस खान, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ डॉ. आरके तिवारी उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक विकास मंच दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष तेजराम सिरमौर एवं उनकी टीम का योगदान रहा। इसमें आसपास के ग्रामीण काफी संख्या में शामिल हुए।

# प्रतिज्ञा महिला मंडल की नई कार्यकारिणी गठित



**कोरबा पश्चिम** | हसदेव ताप विद्युत गृह में विभिन्न सामाजिक कार्यों तथा महिलाओं एवं बच्चों की रिक्रिएशनल एक्टिविटीज को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 11 अक्टूबर को प्रतिज्ञा महिला मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती निहारिका शर्मा एवं वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री संजीत तिग्गा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में वरिष्ठ कल्याण अधिकारी द्वारा कार्यकारिणी की पदाधिकारियों का नाम प्रस्तावित किया गया, जिसके उपरांत श्रीमती निहारिका शर्मा द्वारा क्लब की अध्यक्ष श्रीमती सीमा साहू एवं सचिव श्रीमती वंदना साहू तथा श्रीमती प्रियंका पाटले द्वारा क्लब की अन्य सदस्याओं श्रीमती मनीषा प्रजापति, श्रीमती कल्याणी साहू, श्रीमती शीला सिंह, श्रीमती पूजा राज, श्रीमती किरण साहू, श्रीमती मंजू यादव, श्रीमती मीनाक्षी वर्मा, श्रीमती हेमलता सोनी, श्रीमती करूणा ठाकुर एवं श्रीमती प्रभा साहू को शपथ ग्रहण कराई गई । विशिष्ट अतिथि श्रीमती शर्मिष्ठा सिन्हा, श्रीमती प्रियंका पाटले, श्रीमती अभिलाषा गुप्ता एवं श्रीमती विजया शाह ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए कहा कि इस प्रकार के मंच महिलाओं एवं बच्चों की प्रतिभा को अभिव्यक्त एवं संवर्धन करने के सशक्त माध्यम होते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती निहारिका शर्मा ने अपने उदबोधन में कहा कि हम सभी को आपसी मतभेदों को भुलाकर महिलाओं के उत्थान के लिए एकजुट होकर प्रयास करने की आवश्यकता हैं। साथ ही उन्होंने संकल्प महिला मंडल की अध्यक्ष होने के नाते प्रतिज्ञा महिला मंडल के सामाजिक एवं जनहितैषी कार्यों के लिए हर संभव आर्थिक सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का समापन महिला मंडल की सचिव श्रीमती वंदना साहू द्वारा आभार प्रदर्शन कर किया गया।

# आदिवासी कन्या छात्रावास में फ्रीज भेंट किया संकल्प महिला मंडल ने

**कोरबा पश्चिम** |संकल्प महिला मंडल हसदेव ताप विद्युत गृह, कोरबा पश्चिम द्वारा लगातार लोक कल्याण के कार्य किये जा रहे है जिनके तहत कोरबा के आसपास के स्कूलों, छात्रावासों व समाज सेवा संस्थाओं को जीवनोपयोगी सामान उपलब्ध कराकर उनकी सहायता की जा रही है।

इसी कड़ी में संकल्प महिला मंडल द्वारा 11 दिसंबर को दर्री,कोरबा स्थित मां सर्वमंगला आदिवासी कन्या छात्रावास की छात्राओं के उपयोग हेतु एक फ्रीज भेंट किया गया।



क्लब की अध्यक्ष श्रीमती निहारिका शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से एक सुकुन एवं आत्मसंतुष्टि का बोध होता हैं जो हमें समाज हित में अधिकाधिक योगदान देने की प्रेरणा प्रदान करता हैं ।

इस अवसर पर क्लब की उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका पाटले, श्रीमती रुक्मणि सिंह, श्रीमती अभिलाषा गुप्ता, श्रीमती मिनती स्वेन, श्रीमती मनीषा पांडे, श्रीमती कविता पंड्या, सचिव श्रीमती विजया शाह संयुक्त सचिव श्रीमती सरिता राठौर एवं श्रीमती स्मिता करकरे उपस्थित थीं।

# आकृति महिला मंडल ने सजाई पूजा की थाली, बच्चे बने राधा-कृष्ण




**मड़वा** | अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा के आवासीय कॉलोनी में आकृति महिला मंडल(सीनियर क्लब)द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक श्री एसके बंजारा ने महिला मंडल द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता आकृति महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती निवेदिता बंजारा ने की। विशिष्ट अतिथि वरिष्ट मुख्य रसायनज्ञ डॉ.आरके तिवारी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव एवं एसडी द्विवेदी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्णजी की पूजा-अर्चना के साथ भगवान श्रीकृष्ण एवं राधारानी की सुंदर झांकी निकाली गई। महिला मंडल की सदस्य एवं बच्चों द्वारा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में पूजा की थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन भी रखा गया। इस स्पर्धा में अनामिका मिश्रा, देवश्री ठाकुर और सुमन ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन किया। रात्रि करीब 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण जी की आरती के साथ दही हांडी फोड़कर भगवान श्रीकृष्ण की बाललीलाओं का आनंद लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## प्रेरणा महिला मंडल ने आश्रय घर में बांटे गर्म कपड़े



**कोरबा पूर्व**। प्रेरणा महिला मंडल ने छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित अपना घर सेवा आश्रय स्थल में ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों का वितरण किया। नेहरूनगर स्थित इस आश्रय स्थल का संचालन श्री राणा मुखर्जी एवं प्रबजोत कौर द्वारा किया जाता है। इसमें मानसिक रूप से अस्वस्थ रोगी महिलाओं एवं पुरूषों को आश्रय दिया जाता है। प्रेरणा महिला मंडल ने उन्हें 70 नग गर्म स्वेटर प्रदान किया। इसमें प्रेरणा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सविता सचदेवा एवं उपाध्यक्ष अंजना कुजूर, राजेश्वरी रावत, अल्का कंसल, मालती जोशी, विभा कुरनाल, सचिव अनिता टंडन, कोषाध्यक्ष स्मिता शर्मा, हेमलता गुरूपंच, सुनिता शर्मा, आभा गुप्ता, पदमा जांगड़े व रंजिता कश्यप उपस्थित रहीं।

## सूचना के अधिकार पर हुआ राज्य स्तरीय सेमीनार

**रायपुर**। सूचना का अधिकार अधिनियम पर केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में राज्य स्तरीय सेमीनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ श्री बीपी जायसवाल ने प्रशिक्षण दिया।

वीडियो कान्फ्रेन्स के माध्यम से आयोजित इस प्रशिक्षण में डिस्ट्रीब्यूशन एवं ट्रांसमिशन कंपनी के जनसूचना अधिकारियों ने भाग लिया। श्री जायसवाल ने विषय के महत्व को रेखांकित करते हुये कहा लोकसूचना, लोक प्राधिकारी के अधिकारों के दुरूपयोग पर रोक लगाता है, त्रुटियों को उजागर कर शासनतंत्र को पारदर्शी बनाता है, भ्रष्टाचार पर रोक लगाता है। श्री जायसवाल द्वारा प्रशिक्षण में इस अधिनियम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुये बताया कि भारत के समस्त नागरिकों को चाही गई सूचना अत्यावश्यक रूप से उपलब्ध करायी जानी चाहिये। उन्होंने बताया कि यदि कोई आवेदक पढ़ा लिखा न हो और वह व्यक्ति जानकारी प्राप्त करना चाहता है तो जनसूचना अधिकारी द्वारा उसकी सहायता की जानी चाहिए और उन्हें जानकारी प्रदान किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यदि जानकारी बहुत अधिक पृष्ठों में हो, तो इसमें आवेदक को दस्तावेज का अवलोकन हेतु आमंत्रित करना चाहिए एवं उनके द्वारा चिन्हित किया गया दस्तावेज सहशुल्क उपलब्ध कराया जाना चाहिए, व्यक्तिगत जानकारी किसी अन्य व्यक्ति द्वारा मागें जाने पर संबंधित व्यक्ति के सहमति पर ही जानकारी उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों द्वारा किये गये प्रश्नों का उत्तर भी विस्तार से प्रदान किया गया। इसमें अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एसआर साहू, कार्यपालन अभियंता श्रीमती शोभना सिंह का विशेष सहयोग रहा।

# विदेश यात्रा - बाली, जहां पग-पग में याद आते हैं भगवान राम

मित्रों,

दिसम्बर में सिंगापुर की अपनी प्रथम विदेश यात्रा सुगमता से पूरी कर लेने के उपरान्त उत्साहित मैं अपनी अगली यात्रा के लिए जून माह में इंडोनेशिया के बाली द्वीप पहुंच गया। बाली जाने के लिए भारत से कोई सीधी उड़ान ना होने की स्थिति में मझे या तो सिंगापुर या कुआलालम्पुर (मलेशिया) या हो ची-मिन्ह सिटी (वियतनाम) से कुछ घंटे के अंतराल में उड़ान बदलनी होती। इन विकल्पों में से मैंने मलेशिया का विकल्प चुना। इसी बहाने मुझे वहाँ निवासरत अपने ममेरे भाई और उसके परिवार के साथ भी कुछ समय बिताने का सुअवसर प्राप्त हुआ।

कुआलालम्पुर से करीब 3 घंटे की उड़ान के आखिरी चरण में संध्या समय विमान की खिड़की से अस्ताचलगामी सूर्य की पृष्ठभूमि पर ज्वालामुखी का सुरम्य दृश्य निहारते हुए प्रतीत हुआ कि मैं सच में देवताओं का द्वीप बाली आ गया हूं। लगभग एक हफ्ते के प्रवास में जहाँ लगभग हर भवन की दहलीज पर हमारे आराध्य विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की प्रतिमा के दर्शन होने लगे, वहाँ बाली के हिंदू बहुल द्वीप होने की पुष्टि स्वयमेव हो जाती है। प्राकृतिक सौंदर्य के साथ सांस्कृतिक विरासत को सहेजे इस द्वीप में सागर किनारे स्थित कई आकर्षक मंदिर पर्यटकों को अपनी ओर सहज की खींच लेते हैं। ईश्वरीय संरचना की स्वर्ग सी नैसर्गिक सुंदरता ऐसी मानो कदम-कदम पर देवताओं से साक्षात्कार हो रहा हो।

रामायण की कथा की एक नए स्वरूप में प्रस्तुति देखने, जिसमें हनुमान जी एक The Great White Ape हैं, जैसे अनुभव के साथ जब बाली के चौक चौराहों पर रामायण के चरित्रों अथवा कथानकों पर आधारित विशालकाय प्रतिमाएं सुसज्जित दिखती हैं और सड़कों के नाम हनुमान, बाली, सुग्रीव, जामवंत आदि के नाम पर दिखाई पड़ते हैं, तब दूर देश मे भी भारतीय होने पर गर्व महसूस होता है। अकल्पनीय सुंदरता समेटे समुद्र तटों, कलकल करते अधिकांश झरनों तक सुरक्षित सफलतापूर्वक पहुंचना शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त लोगों के लिए तो बाएं हाथ का खेल है, परंतु आम भारतीय जनमानस के लिए दूर के ढोल सुहावने वाली लोकोक्ति यहाँ सटिक बैठती प्रतीत होती है, अर्थात् कई पर्यटक ऐसे मनभावन स्थलों का विहंगम दृश्य सुरक्षित दूरी से ही




देखकर प्रफुल्लित होते हैं। यात्रा के पूर्व मैंने जिन तीन स्थलों पर आरोहण/अवरोहण करने का दृढ़निश्चय किया था उनमे से केवल दो जगहों, एक केलिंगकिंग समुद्र तट (जहाँ पहुंचने हेतु पथरीली खड़ी चढ़ाई है) तथा दूसरा माउंट बाटुर (जो कि स्वयं एक सक्रिय ज्वालामुखी है) ही फतह कर पाया। दोनों ही स्थल मेरे लिए दुर्गम थे तथा सफल होने के उपरांत आत्मविश्वास से ओतप्रोत कर देने वाले अविस्मरणीय अनुभव थे। आश्चर्य नहीं कि ऐसे पर्वतीय स्थलों पर शारीरिक रूप से कहीं अधिक फिट विदेशी सैलानियों की चुस्ती स्फूर्ति देखते ही बनती है। बाली की करेंसी (मुद्रा) इंडोनेशियन रुपिया है। भारत के एक रुपए में 180 इंडोनेशियन रुपिया आ जाते हैं, इसलिए हम वहां कुछ भी खरीदते हैं तो लगता है कि लाखों रूपए खर्च कर हो गए हैं। वैसे यहां हर चीज़ का मूल्य भारत जैसा ही है। मिसाल के तौर पर यदि पानी की एक बोतल भारत में 20 रुपए में मिलती है तो वहां वह लगभग 5000 इन्डोनेशियाई रुपिया (यानी लगभग 28 रुपए) में मिलेगी। इतना खर्च देखकर अहसास होता है मानों हर बुनियादी जरूरतों की पूर्ति के लिए एक ही दिन में लाखों रुपये खर्च हो जा रहे हों।

विविध दर्शनीय स्थलों से परिपूर्ण बाली द्वीप के हर एक कोने का आनंद उठा पाना इतने कम दिनों में नामुमकिन है, इसलिए कई सैलानी work from home concept की बदौलत वहाँ महीनों से रहते हुए work life balance बखूबी निभा पा रहे हैं। लौटते वक्त मुझे फिर मलेशिया घूमने का अवसर प्राप्त हुआ तो विश्वप्रसिद्ध ट्विन-टावर्स के दर्शन कर लिए, साथ ही भगवान मुरुगन को समर्पित बाटू गुफा भी जाने का सौभाग्य मिला।

घर वापसी पर कई परिचितों के साथ जब बाली संस्मरण साझा किये तो कइयों ने यात्रा वृतांत सुन कर प्रतिक्रिया दी कि ऐसे स्थान और प्राकृतिक सुन्दरता तो अपने भारत देश में भी है, फिर बाहर क्यों जाना? ऐसे सोचा जाए तो आधुनिक तकनीक के दौर में हम दुनिया के किसी पर्यटन स्थलों को अपने स्मार्टफोन के माध्यम से देख सकते हैं, पर आनंद की वह अनुभूति नहीं मिलेगी। जब हम दूसरे देश में जाते हैं तो वहां के वातावरण, जीवनशैली, संस्कृति, विरासत, भाषा और लोगों से रूबरू होते हैं। वहाँ जाकर वहाँ की दिनचर्या, जीवनशैली, रहन-सहन, आचार-विचार से हमारा साक्षात्कार होता है, जो हमारे अन्तस को ओजस प्रदान करता है।


**प्रवीर ठाकुर,**
सहायक अभियंता (सिविल)
CSPTCL, बिलासपुर




# इंजीनियर्स डे पर हुआ श्री गढ़ेवाल का हुआ सम्मान



बिलासपुर | इंजीनियर्स डे एवं टीचर्स डे के अवसर पर 18 सितंबर को वृंदावन हाल सिविल लाईन में संयुक्त रूप से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के डायरेक्टर प्रो. एनवी रमना राव ने श्री प्रमोद कुमार गढ़ेवाल को सम्मानित किया। श्री गढ़ेवाल छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में अधीक्षण अभियंता (सिविल) के पद पर कार्यरत् हैं। इसका आयोजन दी इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) एवं छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में आवास एवं पर्यावरण विभाग के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी व इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस छत्तीसगढ़ के चेयरमेन इंजीनियर सलील श्रीवास्तव, तथा इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स छत्तीसगढ़ स्टेट सेंटर्स के चेयरमेन डॉ. विनय कुमार पाण्डेय उपस्थित थे। इस समारोह में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले इंजिनियरों को प्रमाण-पत्र, शाल एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्री गढ़ेवाल को उनके द्वारा तत्कालीन मध्यप्रदेश विद्युत मंडल/ छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल, एवं वर्तमान विद्युत कंपनियों में सिविल प्रकोष्ठ के अंतर्गत संपादित किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि अधीक्षण अभियंता (सिविल) श्री प्रमोद कुमार गढ़ेवाल को पूर्व में भी पॉवर कंपनी ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जा चुका है। श्री प्रमोद कुमार गढ़ेवाल के नेतृत्व में सिविल मुख्यालय संभाग छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी को गणतंत्र दिवस वर्ष 2021 के अवसर पर बेस्ट सिविल डिविजन का पुरस्कार भी प्राप्त हुआ था।

## नेटबॉल में ऐश्वर्य पाठक का चयन



रायपुर | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी रायपुर के ओ एंड एम कार्यालय में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत श्री ऐश्वर्य पाठक का चयन 7 से 9 नवंबर तक पोखरा नेपाल में होने वाले भारतीय मिक्स नेटबॉल टीम के लिए हुआ।उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर में आयोजित मिक्स नेटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया था, इसी आधार पर ऐश्वर्य पाठक का चयन भारतीय टीम में हुआ । पांचवी फेडरेशन कप मिक्स नेटबॉल चैंपियनशिप के फायनल में छत्तीसगढ़ की टीम ने कर्नाटक को 16-7 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीत लिया।

## नवोदय विद्यालय में धैर्य का चयन



मड़वा | अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में पदस्थ कार्यपालन अभियंता श्री राकेश कुमार ठाकुर एवं श्रीमती देवश्री ठाकुर के सुपुत्र धैर्य(10 वर्ष) का चयन कक्षा 6वीं के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में हुआ है। मास्टर धैर्य ने एकलव्य विद्यालय वर्ष 2023 की प्रवेश परीक्षा में भी 100 अकों में 81 अंक प्राप्त कर जिला सक्ती में प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी रूचि ड्राइंग, पेंटिंग, डांस एवं कुकिंग में हैं। मास्टर धैर्य ने वर्ष 2023 में भी आयोजित राष्ट्रीय सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करते हुए आलइंडिया रैंक 41912 हासिल किया है।

## 38 वें चक्रधर समारोह में आशना ने दी कथक नृत्य की प्रस्तुति



रायपुर | छत्तीसगढ़ शासन व्दारा आयोजित 38वें चक्रधर समारोह में आशना दिल्लीवार ने कथक नृत्य की प्रस्तुति दी। इसका आयोजन कलाधानी रायगढ़ में 19 से 21 सितम्बर 2023 तक किया गया। उनके पिता श्री कमलेश कुमार दिल्लीवार छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग में निदेशक हैं उनकी माता श्रीमती संध्या दिल्लीवार छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में कार्यपालन अभियंता के पद पर कार्यरत् हैं। इस कार्यक्रम में आशना दिल्लीवार ने गणेश एवं शिव वंदना के पश्चात् पारंपरिक कथक की प्रस्तुति दी। इसके अलावा आशना का अंतरराष्ट्रीय स्कारलशिप के लिए भी चुना गया है। भिलाई में नृत्यधाम कला समिति द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित देश राग महोत्सव में उन्होंने स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जिसके आधार पर उन्हें यह अंतरराष्ट्रीय स्कॉलरशिप प्राप्त हुआ। साथ ही भिलाई में ऑल इंडिया डांसर्स एसोसिएशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नृत्य महोत्सव में आशना दिल्लीवार ने कथक एवं छत्तीसगढ़ लोककला पर आधारित नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# इसरो के चन्द्रयान-03 मिशन में प्रदेश की बेटी संध्या भी शामिल

**बिलासपुर**। छत्तीसगढ़ की बेटी श्रीमती संध्या योगी ने भारत के चंद्रयान-03 मिशन में अहम् भूमिका निभाई है। इसरो में कार्यरत रहते हुये इन्होंने विभिन्न छोटे सेटेलाईट प्रोजेक्ट में काम किया है। साथ ही वे चन्द्रयान-2 एवं चन्द्रयान-3 के डिजाइन टीम का हिस्सा रही हैं। इसके अलावा सूर्य के अध्ययन के लिए भेजे गये आदित्य एल-1 प्रोजेक्ट में भी इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वे छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी बिलासपुर के गनियारी वितरण केन्द्र से सेवानिवृत्त श्री नारायण नाथ योगी की सुपुत्री हैं। उनका जन्म जांजगीर चांपा जिले के




राहोद गांव में हुआ। इनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव से हुई, उसके पश्चात् आगे की पढाई नवोदय विद्यालय मल्हार से पूरी की। इन्होंने शासकीय इजीनियरिंग कालेज बिलासपुर से बीई की शिक्षा पूरी करने के बाद एमटेक की पढ़ाई एनआईटी राउरकेला से की। 2011 में इनका चयन इसरो में वैज्ञानिक/अभियंता के पद के लिए हुआ, वर्तमान में पदोन्नति के पश्चात वैज्ञानिक/अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। इन्होने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, भाई-बहन, गुरूजनों एवं मित्रों को दिया है।

## दीवारों पर रहेगा अंकित, सजग कर्मवीरों का इतिहास

दुर्घटना अब नहीं करेगी, कर्मवीर का फिर उपहास।
रहेगा अंकित संयंत्रों की दीवारों पर यह इतिहास।।
रक्त रहित उन्नति का सपना, दिल में आज संजोए हैं।
आज जगा देंगे हम उनको, जो बरसों से सोए हैं।।

एक ओर करने हैं स्थापित, नित नव रचना के आयाम।
वहीं लगाना है सख्ती से, दुर्घटना पर पूर्ण विराम।।
कैसे लागे फल तुम जब, पौधे कांटों के बोए हैं।
आज जगा देंगे हम उनको, जो बरसों से सोए हैं।।

दुर्घटना है राह का पत्थर, अपना फर्ज निभाती है।
ठोकर खाकर न संभले तो, यह गलती तो हमारी है।।
नहीं लौटते पल वो फिर से, जो तुम-हम ने खोए हैं।
आज जगा देंगे हम उनको, जो वरसों से सोए हैं।।

कवच सुरक्षा अपनाते ही, दिल में इक आवाज है कुसकी।
ऋणी रहेगी, ऋणी रहेगी, ऋणी रहेगी, प्रगति उसकी।।
उन्नति के दामन से जिसने, दाग रक्त के धोए है।
आज जगा देंगे हम उनको, जो बरसों से सोए हैं।।

आज समय है, शपथ ग्रहण कर, बीड़ा हमें उठाना है।
निर्माण की मंजिल, राहसुरक्षा, आगे बढते जाना है।।
दृढ़ निश्चय से दुर्घटना को, कर लेगें हम अपना दास।
रहेगा अंकित संयंत्रों की दीवारों पर यह इतिहास।।



**हेमन्त सचदेवा**
मुख्य अभियंता
डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह
कोरबा पूर्व

## भारत भूमि की महिमा

भारत देश के माटी रे जग म महके जइसे चन्दन ।
ये माटी के धुर्रा बनगे सती के सेंदूर बन्दन ।।

बाल्मिकी अऊ सूर कबीरा, ये माटी के हीरा ।
दया धरम के बीज ल बोंके, मेटीन सबके पीरा ।।
जन-जन के कल्याण करे बर जन्मे कौशिल्या नंदन.......
भारत देश.........

ये माटी मा जनम धरे बर देवतन जमों तरसथे ।
कहर-महर ल येखर देख, परदेशियन के लार टपकथे ।।
ये ही मा गंगा जमुना सबके, पाप ल करथे खण्डन.......
भारत देश........

भण्डार कोती पहर हिमालय, महिमा गावत अड़े हे ।
कतको बीर अऊ तपधारी, येखर कोखले जन्मे हे ।।
दुलार पुरोथे बेटी बेटा ल बैरी ल मारे चटकन.......
भारत देश...

ये माटी अनमोल रतन है, नइ होवय येखर मलोवन ।
मंदिर मस्जिद ये ही मा सिरजे, कतको लगे हे उपवन ।।
येखर अंचरा शीतल छइहां, सुख पावे सब जन तन ....
भारत देश......



**एस. दास**
निज सहायक
कार्यालय अधीक्षण अभियंता (ईंधन प्रबंधन)
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी, बिलासपुर

# कुर्यात् सदा मंगलम्



## स्तुति संग विग्नेश

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी रायपुर (ग्रामीण क्षेत्र) के कार्यपालक निदेशक श्री संदीप कुमार वर्मा की सुपुत्री सौ.कां.स्तुति तोषी का शुभ विवाह कोयम्बटूर(तमिलनाडु) निवासी डॉ.सेन्थिल कुमार के सुपुत्र चि. विग्नेश आदित्य के साथ 24 नवम्बर 2023 को रायपुर में सोल्लास संपन्न हुआ। बधाई...........



## डॉ. अबीर संग डॉ. निधि

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के अतिरिक्त महाप्रबंधक जनसंपर्क (प्रतिनियुक्ति छत्तीसगढ़ शासन रायपुर में पदस्थ संयुक्त सचिव) श्री उमेश मिश्र के सुपुत्र डॉ. अबीर मिश्र का शुभ विवाह वर्धा निवासी डॉ. निधि के साथ 7 दिसंबर 2023 को रायपुर में सोल्लास संपन्न हुआ। बधाई...........



## श्रेया संग ऋषभ

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड रायपुर के कार्यपालक निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला की सुपुत्री सौ.कां. श्रेया का शुभ विवाह रायबरेली निवासी श्री आर.सी.शुक्ला के सुपुत्र चि. ऋषभ के साथ 11 दिसम्बर 2023 को रायपुर में सोल्लास संपन्न हुआ। बधाई...........



## इला संग वैभव

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी रायपुर में कार्यपालक निदेशक श्रीमती सरोज तिवारी एवं सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री कृपाशंकर तिवारी की सुपुत्री सौ.कां. इला का शुभ विवाह सतना निवासी श्री वीरेश शुक्ल के सुपुत्र चि. वैभव के साथ 13 दिसंबर को रायपुर में सोल्लास संपन्न हुआ। बधाई...........



## दानिश संग शबीना

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी रायपुर के निज सहायक श्री इकरामुल अजीम के सुपुत्र दानिश इकराम अजीम का निकाह छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड रायपुर के निज सहायक श्री हाजी इफ्तेखार अहमद की सुपुत्री शबीना फिरदौस के साथ 2 अक्टूबर 2023 को सोल्लास संपन्न हुआ। बधाई......



## सौरभ संग दीक्षा

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड रायपुर के मुख्य अभियंता श्री अविनाश सोनेकर के सुपुत्र चि.सौरभ का शुभ विवाह श्री सुरेश कुमार की सुपुत्री सौ.कां.दीक्षा के साथ 9 दिसम्बर 2023 को रायपुर में सोल्लास संपन्न हुआ। बधाई...........

# विष्णुदेव साय बने प्रदेश के मुख्यमंत्री





## मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय



सामान्य प्रशासन, खनिज साधन, ऊर्जा, जनसंपर्क, वाणिज्यिक कर (आबकारी), परिवहन एवं अन्य विभाग (जो किसी मंत्री को आबंटित नहीं

## उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव




लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि और विधायी कार्य एवं नगरीय प्रशासन विभाग।

## उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा



गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग।

## मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल



स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग।

## मंत्री श्री रामविचार नेताम



आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग।

## मंत्री श्री दयालदास बघेल



खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग।

## मंत्री श्री केदार कश्यप



वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता विभाग।

## मंत्री श्री लखनलाल देवांगन



वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम विभाग।

## श्री श्यामबिहारी जायसवाल



लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग।

## मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी



वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग।

## मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े



महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग।

## मंत्री श्री टंकराम वर्मा



खेलकूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग।



प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक मुद्रण/प्रकाशन आदि गुणवत्ता एवं पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिंनारमास) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (सिंनारमास) का उपयोग किया गया है - मुद्रक

# खेत-खलिहान तक पहुंचा बिजली का जाल, उत्पादन बढ़ा और हुए किसान खुशहाल




बेमेतरा जिले के मासुलोगोंदी गांव में विद्युत चलित पंखे से धान की सफाई करता किसान परिवार
(फोटो-गोविन्द पटेल)

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी, डंगनिया, रायपुर**

▪ फोन: 0771-2574702 ▪ E-mail: procsphcl@gmail.com